जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, मंगलवार 9 मई, 2023




ओसवाल सोप ग्रुप
OSWAL SOAP GROUP
SINCE
ओसवाल
1956
हर रिश्ते का रखे ख्याल...
6 करोड़ परिवारों का विश्वास
जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल
क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला
ओसवाल सोप
1kg डिशवॉश टब
1kg व्हाइट सोप
1kg वॉशिंग पाउडर
1kg डिटर्जेंट पाउडर
100g नहाने का साबुन
100g ग्लिसरिन बाथ सोप
250ml लिक्विड हैंड वॉश
500ml लिक्विड डिशवॉश
1Ltr. डिटर्जेंट लिक्विड
1Ltr. टॉयलेट क्लीनर
1kg देसी खांड
1kg चाय पत्ती
250g डस्ट चाय
800g पोहा
1kg जीरा
1kg सैंधा नमक
1kg काला नमक
1kg बासमती चावल
500g हल्दी पाउडर
1kg मिर्च पाउडर
500g धनिया पाउडर
1Ltr. 5Ltr. कच्ची घानी तेल
1Ltr. 5Ltr. रिफाइंड सोयाबीन तेल
1Ltr. रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच
5Ltr. 1Ltr. मूंगफली तेल
50g अगरबत्ती
घास की झाड़ू
1kg चना दाल
1kg मूंग दाल
1kg हरी मूंग दाल
1kg काबुली चना
1kg तूअर दाल
1kg उड़द धुली दाल
अब घर बैठे मँगवाए ओसवाल उत्पाद
ओसवाल रिटेल शॉप्स की जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
Follow us on :
OswalSoap.com
अधिक जानकारी के लिए
+91 9116171956, 9680201956 पर कॉल करें
Marketed by Uttam Chand Desraj
नकली माल से सावधान
स्कैन करें और ओसवाल के उत्पाद खरीदें।
GET IT ON Google Play

फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 73 संख्या: 276 प्रभात जयपुर, मंगलवार 09 मई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Another Coronation & Jaipur's Attendance**

It's said that the Maharaja did not attend the official dinner as he would not eat the food served there & returned to his place of stay to have a quiet dinner.

**Education: Myth Of The Fast Learner** — Achievement gaps come from differences in learning opportunities



*आम के पेड़ और ततैया के छत्ते मौसम की जानकारी देने वाली सैटलाइट्स के लिए बेमेल सा संयोग हो सकते हैं, पर वानूआतू प्रायद्वीप के पूर्वी छोर पर ''फूतूना आइलैंड,'' जो एक ज्वालामुखी है, पर आम के पेड़ और ततैये के छत्ते मौसम संबंधी आपदा की भविष्यवाणी करने में अहम भूमिका निभाते हैं। एक मानव कल्याण संस्था, केअर इंटरनैशनल के अधिकारी मैनुअल नावायरा ने कहा कि, ''जब आम के पेड़ में जल्दी, अर्थात् अक्टूबर से पहले फूल आ जाएं तो हम जान जाते हैं कि सायक्लोन आएगा। मैनुअल नावायरा फूतूना आइलैंड पर ही पैदा हुए हैं और समीपवर्ती तन्ना आइलैंड पर काम करते हैं। उन्होंने कहा, ''हम यह भी देखते हैं कि, ततैयों ने अपना छत्ता कहां बनाया है। अधिकतर वो अपना छत्ता पेड़ के ऊपर बनाती हैं, पर जब सायक्लोन आने वाला होता है तो वो अपना छत्ता जमीन के समीप बनाती हैं। ये संकेत इस द्वीप के निवासियों को तूफान से निपटने की तैयारी करने का समय दे देते हैं। ये लोग कोमल ''बनाना पाम ट्री'' को काटते हैं, फिर फल का गूदा बनाकर, उसे सुखाकर, पत्तों में लपेट कर जमीन में दबा देते हैं, जहां वे वर्षों तक सुरक्षित रहते हैं। मकानों के ढीले हो गए लोहे को बांधते हैं और नारियल के पेड़ के पत्तों से छतों को मजबूत करते हैं। इनके घर छोटे और घुमावदार होते हैं ताकि तूफानी हवा के वेग का मुकाबला कर सकें। वानूआतू द्वीप पसिफिक रिंग ऑफ फायर पर स्थित है और सायक्लोन बैल्ट के बीचों बीच है, इसलिए इस देश को, विश्व के सभी देशों के मुकाबले प्राकृतिक आपदाओं का सबसे अधिक खतरा है। इसी वर्ष मार्च में यहां 24 घंटे में दो सायक्लोन व एक भूकंप आया था। वानूआतू के रिकॉर्डेड इतिहास में भी यह अभूतपूर्व है। इतना ही नहीं, ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से सायक्लोन की तीव्रता बढ़ती जा रही है।*

# क्या राजे-गहलोत मित्रता का ''द एंड'' हो रहा है या बात कुछ और है?

## वसुंधरा राजे ने अशोक गहलोत पर झूठ बोलने और उनका नाम खराब करने का आरोप लगाया

- गहलोत ने कहा था कि, पायलट की बगावत के समय उनकी सरकार को बचाने में वसुंधरा राजे की अहम् भूमिका थी, जिसका राजे ने जोरदार खंडन किया है।
- कुछ जानकार लोगों का कहना है कि, गहलोत ने प्र.मंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे पर ऐसा कहा है, जिनसे उनके समीकरण दिनों दिन और बेहतर होते जा रहे हैं।
- कहा जा रहा है कि, तमाम कोशिशों के बावजूद भी भाजपा नेतृत्व वसुंधरा राजे को नियंत्रित नहीं कर पाया है, इसलिए गहलोत का सहारा लिया गया है।
- सूत्रों का कहना है कि, अगर वसुंधरा रास्ते से हट जाती हैं, तो भाजपा की राह आसान हो जाएगी। सवाल यह है कि, क्या गहलोत भाजपा की मदद कर रहे हैं अगर हाँ तो क्यों?
- सूत्रों का यहां तक कहना है कि, पायलट को सत्ता से दूर रखने की सनक गहलोत पर इस कदर हावी है कि, वे भाजपा की जीत का रास्ता साफ करने को भी तैयार हैं और इसलिए उन्होंने राजे से अपनी दोस्ती को भी खतरे में डाल दिया है।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 मई। क्या यह एक खूबसूरत दोस्ती का अन्त है? वसुंधरा राजे सिंधिया ने अशोक गहलोत पर झूठ बोलने तथा उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया है। दरअसल, गहलोत ने सार्वजनिक रूप से दुनिया को बताया था कि वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मुख्यमंत्री तथा उनकी सबसे अच्छी मित्र ने उस समय उनकी (गहलोत) सरकार को बचाया था, जब सचिन पायलट के नेतृत्व में कुछ कांग्रेस विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने की कोशिश की थी।

जब गहलोत ने अपनी सरकार बचाने वालों में अन्य लोगों के साथ वसुंधरा राजे का भी नाम लिया तो भारी हैरानी और अचरज व्याप्त हो गया था।

सूत्रों ने रहस्योद्घाटन करते हुये कहा है कि वसुंधरा राजे जो, राजस्थान में भाजपा की ऐसी सबसे बड़ी नेता हैं, जिन्हें भाजपा नेतृत्व अपने नियंत्रण में नहीं रख सका है, की साख खराब करने वाले इस कृत्य के पीछे बहुत बड़ी साजिश है।

सूत्रों का कहना है कि गहलोत का यह कथन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्देशित था जिनके साथ गहलोत के समीकरण बहुत अच्छे हो गए हैं।

भाजपा नेतृत्व राजस्थान में एक नया नेतृत्व लाना चाहता है तथा वसुंधरा पर लम्बे समय से निशाना साधे हुये है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व करीब-करीब या पूरी तरह निष्प्रभावी रहा है क्योंकि वसुंधरा टस से मस नहीं हुई है।

कुछ समूह यह आरोप लगा रहे हैं कि गहलोत विक्षिप्त जैसे हो गये हैं। लेकिन एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि जो कुछ आँखों को दिखाई दे रहा है, वस्तु:स्थिति उससे भी कहीं ज्यादा और बड़ी है।

यह आरोप लगाया जा रहा है कि यह सब भाजपा नेतृत्व के आदेश पर वसुंधरा को नुकसान पहुँचाने के लिये एक सुनियोजित एवं सोची-समझी साजिश थी।

जहाँ तक कांग्रेस नेतृत्व का प्रश्न है, पार्टी के बड़े से बड़े नेता, जिनमें गांधी परिवार तथा मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हैं, अब इतनी मजबूत स्थिति में नहीं है कि वे अशोक गहलोत जैसे शक्तिशाली क्षेत्रीय नेताओं को नियंत्रित कर सकें, क्योंकि इनके पास बहुत पैसा है तथा नेतृत्व को फंडिंग करते रहते हैं।

भाजपा राजस्थान में जीतना चाहती है और अगर वसुंधरा राजे रास्ते से हट जायेंगी तो भाजपा के लिये सत्ता में आना आसान हो जायेगा। और सचिन पायलट

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# सोनिया गांधी पर एफ.आई.आर. के लिए भाजपा ने चुनाव आयोग से मांग की

## भाजपा का आरोप है कि, सोनिया गांधी ने कर्नाटक चुनाव में हुबली की जनसभा में कर्नाटक को भारत से अलग बताया था

- विशेषज्ञों का कहना है कि, भाजपा की यह हताशा भरी कोशिश है, क्योंकि हुबली जनसभा में अपने भाषण में सोनिया गांधी ने ऐसी कोई बात नहीं कही, जिसमें कर्नाटक की ''सम्प्रभुता'' का उल्लेख हो।
- असल में भाजपा ने चुनाव आयोग को जो शिकायत भेजी है, उसमें कांग्रेस की एक ट्वीट को आधार बनाया है और उसका स्क्रीन शॉट भी शिकायत के साथ संलग्न किया है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 मई। भाजपा ने भारत के चुनाव आयोग से कहा है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की जाये तथा ''कर्नाटक की संप्रभुता'' का समर्थन करने वाली उनकी कथित टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ ''मिसाली दण्डात्मक कार्यवाही'' की जाये। लेकिन भाजपा के यह कोशिश इस बिन्दु को एक मुद्दा बनाने की एक अशिष्ट कोशिश प्रतीत हो रही है, जबकि इसमें मुद्दे जैसी कोई चीज ही नहीं है क्योंकि सोनिया गांधी के भाषण की प्रतिलिपि में ऐसा कोई संकेत या संदर्भ ही नहीं है।

भाजपा द्वारा ई.सी. से की गई इस शिकायत से एक दिन पूर्व ही मैसूर के नंजनगुड की रैली में ''संप्रभुता'' संबंधी टिप्पणी को लेकर, प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी परिवार पर हमला बोला था तथा कहा था कि कांग्रेस का ''शाही परिवार'' कर्नाटक को भारत से पृथक करना चाहता है। उन्होंने कहा था, ''मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि टुकड़े-टुकड़े गैंग की यह बीमारी इतना बड़ा रुप ले लेगी।''

भाजपा की शिकायत कांग्रेस के एक ट्वीट पर आधारित है जिसमें कहा गया है कि सोनिया गांधी ने 6 मई को हुबली के अपने भाषण में कहा था कि ''कांग्रेस कर्नाटक की प्रतिष्ठा, संप्रभुता एवं अखंडता को लेकर किसी को संकट नहीं पैदा करने देगी।''

ई.सी. को की गई शिकायत में भाजपा ने सोनिया के भाषण से संबंधित कांग्रेस के ट्वीट का स्क्रीन शॉट संलग्न किया है तथा आरोप लगाया है, ''कांग्रेस यह मानती है कि कर्नाटक भारत से पृथक है।......... यह एक ऐसा स्तब्धकारी बयान है जो विभाजनकारी भावनाएं भड़काने वाला तथा समाज मे असामंजस्य पैदा करने वाला है।''

सोनिया गांधी के नंजनगुड के संबोधन की ऑडियो रिकॉर्डिंग तथा भाषण की ट्रांसक्रिप्ट में संप्रभुता या अखंडता जैसे शब्द हैं ही नहीं।

सोनिया गांधी ने 6 मई को हुबली में अपने भाषण में कहा था: ''भाजपा सरकार की लूट, झूठ, अक्खड़पन, अहंकार एवं द्वेष की भावना ने एक ऐसा माहौल बना दिया है कि इस (भाजपा सरकार) से छुटकारा पाये बिना न तो कर्नाटक का विकास हो सकता है और

( शेष पृष्ठ 5 पर )




# ई.डी. चीफ मिश्रा के ''एक्सटैंशन'' पर फैसला रिज़र्व

- सुप्रीम कोर्ट ने ई.डी. के निदेशक, संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार एवं सैंट्रल विजिलैंस कमीशन (एमैडमैंट) एक्ट के सैक्शन 25 के संशोधन पर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह निर्णय लिया तथा सभी पक्षों से शुक्रवार तक अतिरिक्त टिप्पणियाँ लिखित में देने को कहा।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 मई। सुप्रीम कोर्ट ने एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार और सैन्ट्रल विजिलैन्स कमीशन (संशोधन) एक्ट की धारा 25 के वर्ष 2021 के संशोधन को लेकर दायर की गईं कई याचिकाओं पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 105 करोड़ रू. के घोटाले में फरार महिला आई.ए.एस. अजमेर से गिरफ्तार

## असम की इस महिला आई.ए.एस. को असम विजिलैंस टीम ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है

- महिला आई.ए.एस. सेवाली देवी शर्मा असम की स्टेट काउन्सिलिंग ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग में 105 करोड़ रू. के कथित घोटाले में आरोपी हैं और फरार चल रही हैं।
- असम की विजिलैंस टीम रविवार देर रात अजमेर पहुंची थी और स्थानीय पुलिस की मदद से सोमवार को जयपुर रोड स्थित होटल क्रॉस लेन से आरोपी महिला आई.ए.एस. व दो अन्य को हिरासत में लिया।
- सेवाली देवी 1992 कैडर की हैं तथा 2010 में ए.सी.एस. में चयनित हुईं थी। सेवाली देवी शर्मा पर आरोप है कि, उन्होंने पद का दुरूपयोग कर बैंक से 105 करोड़ रू. निकाल लिए।

अजमेर, 08 मई, (कासं)। असम की स्टेट काउन्सलिंग ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग में हुए 105 करोड़ रुपए के कथित घोटाले के मामले में असम विजिलैंस टीम ने सोमवार को, फरार चल रही महिला आई.ए.एस. सेवाली देवी तथा दो अन्य को, स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया है। विजिलैंस टीम ने तीनों को सी.जी.एम. कोर्ट में पेश किया और रिमांड पर लेकर आरोपियों को लेकर असम रवाना हो गई।

105 करोड़ रुपए के कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में असम विजिलैंस की स्पेशल टीम, इंस्पेक्टर प्रीतम सेकिया के नेतृत्व में रविवार देर रात अजमेर पहुंची थी। टीम के अधिकारियों ने अजमेर पुलिस की इमदाद के लिए कोतवाली थाना पुलिस से संपर्क किया और घोटाले से संबंधित पूरी जानकारी दी, जिसमें, बताया कि फरार आरोपियों के अजमेर में होने की पुख्ता सूचना है। कोतवाली थाना पुलिस के सहयोग से विजिलैंस टीम ने लोकेशन के आधार पर कार्यवाही करते हुए जयपुर रोड स्थित होटल क्रॉस लेन से फरार आरोपी महिला आई.ए.एस.

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# समूची रेल टिकट प्रणाली डिजिटल हुई

- दलालों द्वारा बोगस टिकट दिए जाने और टिकटों में बढ़ते फर्जीवाड़े को रोकने के लिए रेल्वे ने यह व्यवस्था की है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 मई। भारतीय रेल्वे समूचे रेल टिकट सिस्टम को डिजीटल कर रहा है ताकि दलालों द्वारा फर्जी टिकट देने पर प्रतिबंध लगाया जा सके।

रेल्वे बोर्ड ने सभी ज़ोनल रेलवे महाप्रबंधकों को एक सर्कुलर जारी कर बताया कि रेल्वे की 5 जगहों, मुम्बई के भायकला, दिल्ली की शकूर बस्ती, चैन्नई के रोयपुर, हावड़ा और सिकदंराबाद की प्रिंटिंग प्रैस बंद कर दी जाएगी। और जो 19 प्रतिशत टिकट काउंटर पर खरीदे जाते हैं उनकी छपाई निजी क्षेत्र को दे दी जाएगी।

ये प्रैस पहले ही 95 प्रतिशत रेल्वे टिकट प्रिंट करती रही हैं वहीं रेल्वे की अपनी 5 प्रैस में मात्र 5 प्रतिशत टिकट प्रिंट होते रहे हैं। वर्तमान में 81 प्रतिशत

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# बिलावल का भारत दौरा ''लॉस्ट ऑपर्चूनिटी'' या चुनावी लाभ का गणित

## कूटनीतिक विशेषज्ञ इस यात्रा को भारत-पाक संबंधों को सहज बनाने का एक ऐसा अवसर बता रहे हैं, जिसे दोनों देशों ने गंवा दिया

- पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल ज़रदारी भुट्टो की बहुप्रचारित भारत यात्रा के प्रति भारत के ''तल्ख'' रूख की अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीतिक हल्कों में आलोचना हुई।
- वहीं, बिलावल की, कश्मीर को लेकर भारत पर निशाना साधने की कोशिश की भी तीखी आलोचना हुई, भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इसका जोरदार प्रतिकार किया।
- लेकिन जानकारों की मानें तो इसका कारण चुनावी मजबूरी हो सकता है। दोनों देशों में चुनाव सन्निकट हैं और दोनों देशों में एक-दूसरे का विरोध चुनाव में वोट बटोरने का जरिया रहा है। शायद यही वजह है कि, बिलावल और भारतीय विदेश मंत्री, दोनों ने ही कोई भी सद्भावना नहीं दिखाई।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 मई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल ज़रदारी की भारत की हाल ही सम्पन्न यात्रा को विदेशी मीडिया, थिंक टैंक्स और स्वतंत्र विश्लेषकों ने दोनों देशों के बीच संबंधों को सहज करने में विफल माना है और इसे एक खोए हुए अवसर की संज्ञा दी है।

इस बहुप्रचारित यात्रा के प्रति भारत के रूख की आलोचना की जाती रही है और उसे ऐसा बताया जा रहा है जो द्विपक्षीय वार्ताओं का मार्ग प्रशस्त करने में अड़ियल और अनुपयोगी रही है। तथापि, यह सोच सही हो सकती है, लेकिन जो बात याद रखने वाली है, वह यह कि दोनों ही देशों में वर्ष 2023 और 2024 में आम चुनाव होने जा रहे हैं, अत: उस मेल मिलाप का अभाव है, जो जनता के हित में होना चाहिए था।

वॉयस ऑफ अमेरिका की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ही पक्षों ने द्विपक्षीय मुद्दों पर एक-दूसरे को अंधेरे में रखा। विल्सन सैन्ट के एक अमेरिकी थिंक टैंक माइकल कुगलमैन ने कहा कि यदि पाकिस्तान, शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एस.सी.ओ.) के किसी भी सदस्य की आलोचना कर रहा है तो वह भारत ही होगा। फिर भी, उन्होंने बिलावल के भारत दौरे को उम्मीद की एक किरण बताया। यू.के. का अखबार इण्डिपैण्डैन्ट कहना है कि एस.सी.ओ. शिखर सम्मेलन में भाग लेना पाकिस्तान के हित में था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री के प्रति भारत के रूख ने दोनों देशों के बीच संबंध सहज होने की उम्मीद पर एक ग्रहण लगा दिया। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष के साथ कोई मीटिंग करने से इंकार कर दिया। दोनों देशों की सीमा पर बने हुए तनावपूर्ण हालातों के बीच बिलावल के दौरे को मेलमिलाप के एक संकेत के रूप में देखा जा रहा था। भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान पर आतंक फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बिलावल ज़रदारी को आतंकवाद के ''प्रोत्साहक और प्रवक्ता'' की संज्ञा दी, जो कि करीब एक दशक के बाद हुए दोनों देशों के प्रतिनिधियों के एक हाईप्रोफाइल दौरे का एक अमानवीय समापन था। एस.सी.ओ. कॉन्फ्रैंस के बाद जयशंकर ने पाकिस्तान को धमकाते हुए कहा कि वह आतंकवाद का

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# ''केरल स्टोरी'' पर बंगाल में प्रतिबंध

- ममता बनर्जी ने अल्पसंख्यक वोटों को रिझाने के लिए और राष्ट्रीय राजनीति में अपनी प्रासंगिकता दर्शाने के लिए बंगाल में ''केरल स्टोरी'' पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 मई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हर बार की तरह स्वयं को चर्चा के केन्द्र में लाने के लिये अवसर का फायदा उठाते हुये, धर्मान्तरण-आधारित फिल्म ''केरल स्टोरी'' पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने कहा कि यह एक विभाजनवादी तथा एक समुदाय को बदनाम करने वाली फिल्म है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को बदनाम करने वाली

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# महिला पहलवानों के प्रति सरकार की संवादहीनता और संवेदनहीनता

भारत की राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर दो सप्ताह से अधिक समय से, देश को कुश्ती में ओलंपिक और अन्य विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक दिलाने वाले पहलवान धरने पर बैठे हैं। इनमें दो महिला पहलवान विनेश फोगाट और साक्षी मलिक भी हैं । पहलवानों को परेशान करने के लिए कभी इनकी बिजली काटी गई और कभी पानी । इनकी घेराबंदी कर इनसे किसी को मिलने तक से रोका तक गया । इतने दिन बीतने के बाद भी न तो सरकार से कोई पहल हुई न ही इनकी शिकायतों पर ठोस कार्यवाही हुई।

पहलवानों की मुख्य मांग यही है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करके उसे कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से तत्काल हटाया जाए । उस पर आरोप है कि वह विगत 10 वर्षों से कई महिला पहलवानों का यौन शोषण कर चुका है एवं उन्हें मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी है । यह पहलवान, जनवरी, 2023 के प्रथम सप्ताह में भी इसी शिकायत को लेकर धरने पर बैठे थे किंतु 4 –5 दिन बाद ही जैसे–जैसे सरकार ने इन्हें समझा–बुझाकर, आश्वासन देकर इनका धरना समाप्त करवा दिया था । इनकी शिकायतों की जांच करने हेतु बॉक्सर मैरी कॉम की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। जब 4 महीनों में भी किसी प्रकार की कोई संतोषजनक कार्यवाही उनकी शिकायतों पर नहीं हुई और न ही बृजभूषण शरण सिंह को अपने पद से हटाया गया, तो यह पुनः धरने पर बैठने पर मजबूर हुए । बृजभूषण शरण सिंह कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष होने के साथ भारतीय जनता पार्टी के छह बार से सांसद भी हैं। बृज भूषण लगातार आक्रामक मुद्रा बनाए हुए हैं और बार–बार एक ही बात कहते हैं कि यदि प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री या भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष उन्हें कहेंगे तो वह अपने पद से तत्काल इस्तीफा दे देंगे।

दिल्ली पुलिस ने तो कई दिन तक महिला पहलवानों की एफ.आई.आर. भी दर्ज नहीं की और इसके लिए भी उन्हें उच्चतम न्यायालय में जाना पड़ा। न्यायालय में सुनवाई के दौरान ही भारत के सॉलिसिटर जनरल द्वारा यह बताया गया कि दिल्ली पुलिस एफ.आई.आर. रजिस्टर करेगी। तब जाकर, एफ.आई.आर. दर्ज हुई। जिन महिला पहलवानों ने एफ.आई.आर. दर्ज कराई है उनमें नाबालिग महिला पहलवान भी है। पोक्सो एक्ट के अंतर्गत सामान्यतया, नाबालिग के द्वारा यौन शोषण की शिकायत पर तत्काल आरोपी को गिरफ्तार किया जाता है। पुलिस द्वारा यही कहा जा रहा है कि उनके द्वारा जांच की जा रही है । आश्चर्य की बात है कि अभी तक भारतीय दंड संहिता की धारा 164 के अंतर्गत मजिस्ट्रेट के सामने संबंधित पहलवानों के बयान तक नहीं कराए गए हैं। देश के विभिन्न भागों से पहलवानों को युवाओं, किसानों, खाप पंचायतों का निरंतर समर्थन बढ़ता जा रहा है ।

प्रधानमंत्री की ओर से इस संबंध में अभी तक कुछ नहीं कहा गया है । प्रधानमंत्री सामान्यतया महिलाओं के सम्मान और उनके प्रति सम्वेदनशीलता बरतने की बात सदैव करते हैं । उन्होंने ;बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ; का नारा भी दिया। किन्तु इस विषय में उनकी चुप्पी परेशान करने वाली है।

जनवरी में जब पहलवान धरने पर बैठे थे उस समय उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वे किसी भी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि को अपने मंच पर नहीं आने देंगे, किंतु इस बार उन्होंने प्रारंभ से ही यह स्पष्ट कर दिया कि कोई राजनीतिक दल, कोई भी संघठन या कोई भी नागरिक उन्हें समर्थन देना चाहे, तो उसका स्वागत है । इसी कारण बड़े–बड़े राजनीतिक नेता जैसे प्रियंका गांधी, सतपाल मलिक, भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद, आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल, आतिशी मर्लिनि, जयंत चौधरी आदि पहलवानों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे । कुछ दिनों पूर्व, रात को महिला पहलवानों को शायद बलपूर्वक धरने से उठाने की योजना थी, किंतु मध्य रात्रि को ट्वीट पर वीडियो जारी कर पहलवानों ने इस योजना पर पानी फ़ेर दिया। स्वाति मालीवाल जो कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष हैं और संवैधानिक पद पर हैं, ने जब पहलवानों से मिलने की कोशिश की, तो उन्हें रोका गया। पुलिस कर्मियों द्वारा जिस प्रकार दोनों हाथों और दोनों पांवों को पकड़ कर घसीट कर बलपूर्वक उन्हें पुलिस की गाड़ी में डाला गया, वह दृश्य पूरे देश ने देखा। यह देश को शर्मसार करने वाली घटना थी। हमारे देश में पहले ही महिलाएं शर्म के कारण और सामाजिक दबाव के कारण अपने साथ हुए दुर्व्यवहार एवं विशेष शारीरिक शोषण की कोई शिकायत नहीं करती हैं। यौन शोषण की घटनाओं का जिक्र करते हुए महिला पहलवानों द्वारा जो शिकायत दर्ज कराई गई, उस पर कार्रवाई करने के स्थान पर आरोपी को यह मौका दिया जा रहा है कि वह महिला पहलवानों का चरित्र हनन करे और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित करने करे। इस कार्य में सरकार का भी अप्रत्यक्ष रूप से उसे पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है।

सत्ताधारी दल का कोई नेता बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध बोलने का साहस तक नहीं जुटा पा रहा है। भारत, जहां '**यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता**' की बात कही जाती है, वहां पुलिस एवं सरकार के कर्मचारियों द्वारा जिस प्रकार की कार्यवाही की जा रही है उससे देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को शर्मिंदा महसूस कर रहा है । इस प्रकार की घटनाएं पहले भी हुई हैं। हरियाणा में खेल मंत्री संदीप सिंह के विरुद्ध हॉकी की कोच ने यौन शोषण की शिकायत की थी। अन्य खेलों में भी समय–समय पर खेल संघों के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों के द्वारा महिला खिलाड़ियों के साथ छेड़खानी एवं उनके यौन शोषण के समाचार सामने आते रहे हैं। इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का ही परिणाम है कि बृजभूषण सिंह जैसा व्यक्ति और ताकतवर होते गया और 10 वर्षों से कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर आसीन है।

> **सत्ताधारी दल का कोई नेता बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध बोलने का साहस तक नहीं जुटा पा रहा है। भारत, जहां ;यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता; की बात कही जाती है, वहां पुलिस एवं सरकार के कर्मचारियों द्वारा जिस प्रकार की कार्यवाही की जा रही है उससे देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को शर्मिंदा महसूस कर रहा है ।**

कानून स्पष्ट है कि कार्यस्थल पर यौन शोषण अपराध है। इसके लिए प्रत्येक संगठन में आंतरिक शिकायत समिति होना आवश्यक है। इस घटना के बाद सामने आया है कि इस प्रकार की कोई समिति कुश्ती संघ में नहीं थी, जहां पर कोई महिला खिलाड़ी अपनी शिकायत प्रारंभिक रूप से दर्ज करा सकती। अधिकांश खेल संघों में यही स्थिति है। यदि कहीं समिति है भी, तो उसमें बाहरी स्वतंत्र महिला का कोई मनोनयन नहीं होने से किसी भी प्रकार की प्रभावी कार्यवाही संगठन के स्तर पर नहीं हो पाती है।

भारत में महिला खिलाड़ी बहुत कम ही हिम्मत करके आगे आती हैं। आमिर खान द्वारा बनाई गई महिला कुश्ती पर आधारित फिल्म ;दंगल; में बताया गया कि किस प्रकार पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को किसी भी क्षेत्र में, विशेषकर कुश्ती जैसे खेल में आगे बढ़ने में कितनी कठिनाइयां आती हैं। हरियाणा में वैसे ही महिलाओं का अनुपात काफी कम है और वहां पर जिस प्रकार कुछ अखाड़ों ने अपने बलबूते पर महिला पहलवानों को तैयार किया और उन्होंने देश के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में यहां तक कि ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भी देश के लिए पदक जीते, गौरव की बात है । अब, इस आंदोलन के बारे में कहा जा रहा है कि यह जाटों का आंदोलन है और विपक्षी दलों के द्वारा किया जा रहा है । यह सही हो सकता है कि विपक्षी दल इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास करें, किंतु मूल प्रश्न यही है कि उन्हें ऐसा करने का अवसर दिया तो सत्ताधारी दल के द्वारा ही जा रहा है । यदि सत्ताधारी दल के प्रमुख व्यक्ति, विशेषकर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री, जिनके निर्देश पर दिल्ली पुलिस काम करती है, तत्काल कार्यवाही करके बृजभूषण सिंह को गिरफ्तार कर लिया जाता, तो संभवतः इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न नहीं होती । एक ओर पदक विजेता महिला पहलवान हैं और दूसरी और सरकार की ताकत। लगता है, सरकार ने इसे अपने अहम का प्रश्न बना लिया है और केवल एक बाहुबली अपराधिक प्रवृत्ति के सांसद को बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

जहां तक मुख्यधारा के मीडिया का प्रश्न है, वह तो पहले ही सत्ताधारी दल के नियंत्रण में है। अन्यथा जो प्रमुख राष्ट्रीय टी वी चैनल, छोटी–छोटी बातों पर प्रतिदिन चार–पांच घंटे बहस कराते हैं, वही 15 दिन से अधिक समय से चल रहे बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध आंदोलन को उन्होंने अभी तक एक बार भी कोई स्थान नहीं दिया है। यह तो सोशल मीडिया के लोगों के परिश्रम का ही परिणाम है कि देश की जनता को पहलवानों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की जानकारी मिल रही है। पुलिस प्रयास कर रही है कि इसकी जानकारी लोगों तक नहीं पहुंचे। उसने जिस प्रकार एक महिला पत्रकार साक्षी जोशी के साथ बदसलूकी की और कपड़े तक फाड़ दिए, वह भी देश ने देखा है । वैसे भी, मीडिया की स्वतंत्रता की दृष्टि से, भारत का स्थान निरंतर गिरता जा रहा है और अब वह विश्व के 180 देशों में 161 में नंबर पर आ गया है।

देश की सभी महिलाओं खिलाडियों को आंदोलनरत महिला पहलवानों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए कि उन्होंने ऐसे विषय पर आवाज बुलंद की है जो सामान्यतया उठाने का साहस कोई नहीं करता। इन महिलाओं ने अपनी प्रतिष्ठा और अपने करिअर दोनों को दांव पर लगा दिया है । बृजभूषण सिंह अपने टीवी साक्षात्कार में महिलाओं की पहचान तक बता रहा है। ऐसा करके वह उच्चतम न्यायालय के इन निर्देशों की भी अवहेलना कर रहा है कि यौन शोषण की पीड़ित महिला की पहचान को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। सांसद बृजभूषण सिंह अपने अपराध के प्रति शर्मिंदा अनुभव करने के बजाय आरोप लगाने वाली एवं यौन शोषण की पीड़ित महिला पहलवानों के चरित्र हनन के काम में लगा हुआ है । सरकार को यह बात ध्यान रखनी होगी कि यह आंदोलन जितना अधिक चलेगा उतना ही देश की महिलाओं, किसानों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं को संगठित होने का अवसर प्रदान करेगा, जो सत्ताधारी दल के लिए राजनीतिक रूप से भी हानिकारक ही सिद्ध होगा। सरकार को चाहिए कि स्थिति के और बिगड़ने से पहले भूल सुधार करे और बृजभूषण शरण सिंह को पद से हटा कर उसे गिरफ्तार करे। बाद में सजा देने का काम न्यायालय पर छोड़ दिया जाए। कहीं ऐसा न हो कि कर्नाटक के चुनाव में व्यस्त रहने के बहाने इस बारे में कोई कार्यवाही केंद्र सरकार के स्तर पर नहीं की जाए और यही बात उनके लिए कर्नाटक चुनाव में महिला मतदाताओं को भाजपा से दूर कर दे ।

यह भी उल्लेखनीय है कि बृज भूषण शरण सिंह का यह पहला अपराध नहीं है। उसके ऊपर पहले ही लगभग 40 प्रकरण, जिनमें कई गंभीर प्रकृति के हैं, न्यायालयों में विचाराधीन हैं । एक बार प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के विरुद्ध लंबित आपराधिक प्रकरणों में विशेष न्यायालय के माध्यम से शीघ्र निर्णय कराया का जाएगा। ऐसा हो जाता तो बृज भूषण सिंह को अब तक तक किसी न किसी प्रकरण में सजा मिल चुकी होती और वह चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित हो चुका होता । ऐसा नहीं होने के कारण ही वह निर्वाचित होता रहा । उसने साक्षात्कार में यह भी कहा कि वह इन महिला पहलवानों के द्वारा नहीं चुना गया अपितु अपने क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा चुना गया है। चुने जाने का अर्थ यह नहीं है कि वह देश के कानून से ऊपर हो गया है और उसे किसी भी प्रकार का अपराध करके बच निकलने का लाइसेंस प्राप्त हो गया है।

सरकार और पुलिस से अपेक्षा है कि वह महिला पहलवानों के 164 आई पी सी के बयान दर्ज करा के कानूनी कार्रवाई करे ताकि 15 दिन से अधिक समय से धरने पर बैठी पहलवान धरना समाप्त कर अपना अभ्यास कर सकें और देश के लिए मेडल लाने के लिए निश्चिंत होकर तैयारी कर सकें।

यदि इस प्रकरण में सरकार ने और ढिलाई की और संवादहीनता तथा संवेदनहीनता का परिचय दिया तो यह देश की महिला खिलाड़ियों को कुश्ती ही नहीं अन्य खेलों में भी आगे बढ़ने से हतोत्साहित करेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई।ए।एस। अधिकारी )**

## स्टीकार आज जारी होगा

**टोंक।** भाजपा की ओर से राजस्थान में चलाये जा रहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत टोंक में स्टिकर विमोचन का कार्यक्रम 9 मई मंगलवार को पटेल सर्किल स्थित जिला प्रमुख के आवास पर किया जायेगा।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान कीप्रदेश सदस्य एवं बीकानेर संभाग प्रभारी बीना जैन छामुनिया ने बताया कि सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, संगठन के सभी पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी, सभी मोर्चो के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, सभी पूर्व जिलाध्यक्ष, विधायक, विधायक प्रत्याशी, जिला एवं प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी, सभी स्वयंसेवी संगठन पदाधिकारी, सर्व समाज अध्यक्ष आदि मौजूद रहेगें।

# गांव डाबडवास के घर में लगी आग, घरेलू सामान जलकर राख

- आग लगने के बाद गनीमत रही कि किसी की जनहानी नहीं हुई
- अधिकारियों ने ढांढस बंधाया


नीमराना पंचायत समिति के डाबडवास गांव के घर में आग लगने से सिलाई मशीन, कपड़े, अनाज व चारपाई आदि जलकर राख हो गई।

**बहरोड़/ नीमराना।** पंचायत समिति नीमराणा क्षेत्र के डाबडवास गांव में अज्ञात कारणों से गत रात्रि को करीब 12 बजे लगी आग से गरीब सेन परिवार के हजारों रुपए का घरेलू सामान सिलाई मशीन, कपड़े, अनाज व चारपाई आदि जलकर राख होने की सूचना पर पंचायत समिति नीमराणा के सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल सहित प्रधान प्रतिनिधि बलवान ने मौके पर पहुंचकर पंचायत समिति की तरफ से तत्काल आर्थिक सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि नीमराना कस्बे के नजदीकी ठााम डाबड़वास में सोमदत्त पुत्र राजकुमार सेन के घर में गत रात्रि को घर के सभी सदस्य सोए हुए थे और रात्रि करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग में घर के सदस्यों के पहनने और सोने के बिस्तर आदि एवं अनाज, चारपाई, सिलाई की मशीन व अन्य घरेलू हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। परंतु गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और आग के काफी विकराल होने से मोहल्ले में जागने से शोर–शराबे से गांव के लोगों ने जैसे तैसे करके आग पर काबू पाया। जिससे कोई बड़ी हानि होने से बचाव हुआ और इसकी जानकारी से परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने एवं आगजनी से गरीब परिवार को भारी नुकसान हो जाने से नीमराना पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी ओमप्रकाश निर्मल सहित प्रधान प्रतिनिधि बलवान सिंह यादव ने मौके पर पहुंचकर परिवार को ढांढस बंधाते हुए आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

## कांग्रेस की विचारधारा को आमजन के बीच लेकर जाना है : योगेश मिश्रा


जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के पदाधिकारियां की बैठक हुई।

**अलवर ।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष व बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा व किशनगढ़ विधायक व किसान आयोग के उपाध्यक्ष दीपचंद खेरिया जी ने किशनगढ़बास में ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित महंगाई राहत कैंप में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सक्रियता के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को आमजन के बीच लेकर जाना है और गांव- गांव, ढाणी –ढाणी जाकर ग्रामीण अंचल के वासियों को अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाकर, जनता जनार्दन को उपरोक्त कैंपों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए जागरूक करने तथा आमजन को 10 जनकल्याणकारी योजनाओं के फायदे बताने के निर्देश दिए । विधायक दीपचंद खेरिया ने कहां की राजस्थान सरकार ने आमजन को बढ़ती महंगाई से राहत देने के लिए महंगाई राहत कैंपों का आयोजन किया है इन महंगाई राहत कैंपों में आकर आमजन को खुशियां मिल रही है, गरीब, जरूरतमंद, वंचित एवं अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों के लिए ये योजनाएं वरदान साबित हो रही है । इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल, रामप्रसाद गुर्जर, फूल चंद शर्मा, प्रीतम मेहँदीरत्ता, नारायण साईंवाल, गौरीशंकर विजय, विक्रम यादव, दशरथ सिंह राठौड़, शिवचरण गुप्ता, संदीप अठावाल, समय सिंह, विजेंद्र कुमार, दीपक चौधरी आदि मौजूद रहे।

## दौसा में आज लगेंगे 18 जगहों पर राहत शिविर

**दौसा ।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 9 मई को 18 महगांई राहत कैंप आयोजित किये जायेगें। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि 9 मई को नगर परिषद दौसा के वार्ड संख्या 12 एवं 13 में नगर पालिका बांदीकुई के वार्ड संख्या 7, 8 एवं 9 में,नगर पालिका मंडावर के वार्ड संख्या 7 में,नगर पालिका मंडावरी के वार्ड संख्या 17 एवं 18 में, नगर पालिका लालसोट के वार्ड संख्या 4 में एवं नगर पालिका महुवा के वार्ड संख्या 7 में महंगाई ,इस प्रकार जिले के शहरी क्षेत्रों में कुल 6 कैंप लगाये जायेगे।उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपखंड दौसा की ग्राम पंचायत महेश्वरा खुर्द में,उपखंड बांदीकुई की ग्राम पंचायत सोडाला में,उपखंड रामगढ़ पचवारा की ग्राम पंचायत कल्लावास में, उपखंड लवाण की ग्राम पंचायत हिंगोटिया में,उपखंड सिकराय की ठााम पंचायत रानोली और बावनपाड़ा में,उपखंड सैंथल की ठााम पंचायत रामपुरा उर्फ महाराजपुरा में, उपखंड मंडावर की ग्राम पंचायत रिंदली में, उपखंड लालसोट की ग्राम पंचायत सुरतपुरा में, उपखंड बसवा की ग्राम पंचायत चांदेरा में,उपखंड नांगल राजावतान की ग्राम पंचायत नांगल राजावतान में एवं उपखंड महुवा की ग्राम पंचायत हुडला में होगा।

# विधायक ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**किशनगढ़ बास।** विधायक दीपचंद खेरिया और कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने सोमवार को किशनगढ़ बास में बाईपास स्थित विधायक कार्यालय पर ब्लॉक, मंडल, बूथ कार्यकर्ताओ की बैठक ली। बैठक में विधायक दीपचंद खेरिया की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने खैरथल में शिवचरण गुप्ता व किशनगढ़ बास में संदीप अठावाल कोटकासिम से समय सिंह कि शहर अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करने की घोषणा की।

विधायक खैरिया के निजी मीडिया सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि सोमवार को बाईपास स्थित विधायक कार्यालय पर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों व मंडल अध्यक्षों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्षों को बूथ स्तर पर 14 मई तक अपनी कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए गए।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि आने वाले चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के लिए जगह–जगह पार्टी स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिससे बूथ स्तर पर कार्यकर्ता मजबूत हो सके और फिर से राजस्थान में कांठोस सरकार बने।विधायक दीपचंद खेरिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ बास में राज्य सरकार द्वारा बहुत बड़े–बड़े विकास कार्य करवाए गए हैं।

ब्लॉक, मंडल व बूथ स्तर पर कार्यकर्ता घर–घर जाकर प्रचार करें एवं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए राज्य में शुरू किए गए महंगाई राहत शिविरों में आमजन से रजिस्ट्रेशन करवाने में अपनी भूमिका निभाए। बैठक में जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने विधायक दीपचंद खैरिया की अनुशंसा पर खैरथल से शहर अध्यक्ष मास्टर शिवचरण गुप्ता पुत्र दाताराम गुप्ता किशनगढ़ बास से शहर अध्यक्ष संदीप अठावाल पुत्र रमेश अठावाल व कोटकासिम शहर अध्यक्ष समय सिंह पुत्र चंदगीराम को नियुक्त किया है।

बैठक के दौरान प्रधान बद्रीप्रसाद सुमन जिला उपाध्यक्ष फूलचंद किशनगढ़ बास ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल कोटकासिम ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर मांचा मंडल अध्यक्ष दशरथ सिंह राठौड़ इस्माइलपुर मंडल अध्यक्ष किशनचंद जाटव खानपुर मंडल अध्यक्ष इकबाल खान बाघोड़ा मंडल अध्यक्ष इकबाल खान भोकर मंडल अध्यक्ष भूपेश लहकरा बघाना मंडल अध्यक्ष विजेंद्र राठी बीबीरानी मंडल अध्यक्ष शेर सिंह हरसोली मंडल अध्यक्ष दीपक चौधरी इस्लाम खान मुंशी गुरुजी सद्दीक खान मंधवापुर सहित अन्य कांठोसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 18 मई को अयोजित होगा युवा उत्सव

**लालसोट।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र दौसा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए अमृत काल के पंच प्रण की 2047 के भारत की संकल्पना थीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 18 मई को रावत पैलेस होटल आगरा रोड दौसा में किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी राकेश अलोरिया ने बताया कि युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष की आयु के प्रतिभागी पांच प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। जिसमें कविता लेखन प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता मोबाइल फोटोठााफी प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता एवं पारंपरिक सामूहिक नृत्य पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी अपनी कला दिखा सकते हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया जावेगा । कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवा अपना निशुल्क पंजीयन विभाग की वेबसाइट पर आन लाइन आवेदन करें ।

# सी.एम. रूपये लौटाने की बात कह रहें है, कहां से आ रहा है उनके पास इतना पैसा : कर्नल राज्यवर्धन

- **कर्नल राज्यवर्धन ने सी.एम. के बयान की प्रतिक्रिया करते हुए रूपये लौटाने की बात कहीं**

**जयपुर ।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा कांग्रेस के विधायकों पर पैसे लौटाने और खर्च की गई राशि स्वयं के द्वारा अथवा एआईसीसी से दिलवाने वाले बयान पर पलटवार किया।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री गहलोत के पास इतना पैसा कहां से आ रहा है, जाहिर है वे यह पैसा अपनी तन्ख्वाह में से तो लौटाएंगे नही। राजस्थान सरकार जनता के पैसे की बर्बादी कर रही हैं और जनता को लूट रही है। इस प्रकार की बयानबाजी से जनता आहत हो रही है। आप जांच और कार्रवाई करें, और यह भी बताएं कि 25 सितंबर 2022 को शांति धारीवाल के घर विधायकों को कितने पैसे बांटे।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा राजस्थान में पिछले 4 सालों से लूट का खेल चल रहा है। खुले आम अवैध खनन हो रहा है और जमीनों पर कब्जा हो रहा है। सरकार ने अपने मंत्री और विधायकों को लूट की छूट दे रखी है। कुर्सी की लड़ाई के चलते राजस्थान में पिछले 5 सालों से सचिन–गहलोत, सचिन गहलोत ही हो रहा है। कर्नल राज्यवर्धन ने नगर निकाय उपचुनाव में विजयी भाजपा प्रत्याशीयों को जीत की बधाई दी। राजस्थान में गहलोत सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कांग्रेस सिर्फ बातें करती है, धरातल पर काम नही। उन्होंने कहा कि जोधपुर में दी केरल स्टोरी फिल्म का स्टेटस लगाने पर विशेष समुदाय के युवाओं द्वारा एक दलित युवक की पिटाई करने की घटना निन्दनीय है, राजस्थान में अब फिल्म देखना और उसका स्टेटस लगाना भी अब अपराध हो गया है। यह तुष्टिकरण की राजनीति जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

## कार की टक्कर से ऊंट मरा


**बौंली । बामनवास** (निस)। क्षेत्र के कोटा– लालसोट मेगा हाईवे पर भाडोती टोल प्लाजा के पास तेज गति से आ रही अनियंत्रित ब्रिजा कार ने बनास नदी से बजरी भरकर आ रही ऊंट गाड़ी को टक्कर मार दी जिससे ऊंट की मौके पर ही मौत हो गई एवं ऊंट गाड़ी चालक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह कोटा लालसोट मेगा हाईवे पर भाडोती टोल प्लाजा के पास बनास नदी से बजरी भरकर आ रही ऊंट गाड़ी को सवाई माधोपुर की तरफ जा रही अनियंत्रित ब्रिजा कार ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि ऊंट की मौके पर ही मौत हो गई एवं गाड़ी व ब्रिजा कार क्षतिग्रस्त हो गई व सड़क दुर्घटना में ऊंट गाड़ी चालक मजदूर इंदर राज मीणा निवासी भारजा नदी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में भाडोती प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला सवाई माधोपुर रैफर किया गया है। सूचना पाकर एंबुलेंस मौके पर पहुंची एवं घायल को चिकित्सालय पहुंचाया सड़क दुर्घटना के बाद कार में सवार सभी लोग फरार हो गए।

# फरार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक गिरफ्तार

**टोंक ।** जिले के पीपलू थाना क्षेत्र में बजरी खनन व चोरी कर बिना रवन्ना /अधिकार पत्र के बजरी भरकर परिवहन करने वाले फरार ट्रेक्टर–ट्रॉली चालक को पीपलू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीपलू थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि सुश्री निरमा (प्रो.) द्वारा बजरी खनन व चोरी कर बिनारवन्ना/अधिकार पत्र के बजरी भरकर परिवहन करने वाले ट्रैक्टर–ट्रॉली चालक हनुमान पुत्र जवाहर उर्फ जुवारा जाट (50) साल निवासी देवपुरा थाना पीपलू जिला टोंक को एमएमडीआर एक्ट में गिरफ्तार किया गया है, जिससे प्रकरण में अनुसंधान किया जा रहा है।

## राशिफल मंगलवार 9 मई, 2023


पंडित अनिल शर्मा


ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2080, मूल नक्षत्र सांय 5:45 तक, सिद्ध योग रात्रि 9:16 तक, बालव करण सांय 4:09 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मेष, चन्द्रमा–धनु, मंगल–मिथुन, बुध–मेष, गुरू–मेष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।


आज गोपाल कृष्ण गोखले जयन्ती, श्री टैगोर जयन्ती (बंगाल) है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:05 से 10:44 तक, लाभ–अमृत 10:44 से 2:02 तक, शुभ 3:41 से 5520 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:47, सूर्यास्त 6:59



**मेष**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।



**मिथुन**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आय में वृद्धि होगी।



**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**सिंह**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या–वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**कन्या**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा।



**तुला**
व्यावसायिक कार्य के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।


**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।


**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच–विचार बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्य योजना बनेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।


**मकर**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।


**कुंभ**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।


**मीन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

# हाऊसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट्स पर कमिश्नर ने ली 3 घंटे अफसरों की क्लास

## प्रदेशभर में चल रहे तमाम विकास कार्यों को तय समय में पूरा करने की हिदायत

**जयपुर**। प्रदेशभर में चल रहे हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट्स की जमीनी हकीकत जानने के लिए कमिश्नर पवन अरोड़ा ने 3 घंटे तक अफसरों की क्लास ली।

उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, थ्री डी व्यू और ड्रोन द्वारा खींची फोटो और वीडियोज के जरिए सभी निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। इसके बाद अफसरों को निर्देश दिए कि सभी काम तय वक्त में पूरे होने चाहिए।



प्रदेशभर में चल रहे हाउसिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट्स की जमीनी हकीकत जानने के लिए कमिश्नर पवन अरोड़ा ने अफसरों की क्लास ली।

■ अरोडा ने कहा कि प्रदेश भर में चल रही सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता युक्त कार्य और तय समयावधि में पूर्ण होने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है

आवासन आयुक्त ने जोधपुर और कोटा में बन रही चौपाटी, बड़ली-बीकानेर, शिवबाड़ी-बीकानेर, भीलवाड़ा, उदयपुर, मानपुरा आबू, निवाई टोंक, अलवर, भिवाड़ी तथा प्रदेश के अन्य जिलों में चल रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति जानी। उन्होंने जयपुर के सिटी पार्क, कोचिंग हब, एसएस रेजिडेंसी, वाटिका रेजिडेंसी, फाउंटेन स्क्वायर, इंदिरा गांधी नगर तथा प्रताप नगर में चल रही विभिन्न मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बन रहे आवासों की प्रगति की समीक्षा की और लंबित योजनाओं में अतिरिक्त श्रमिक लगाकर उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराने के भी निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि जयपुर के इंदिरा गांधी नगर के सेक्टर 3 और 7 तथा प्रताप नगर के सेक्टर 28 और 26 में चल रही मुख्यमंत्री जन आवास योजनाओं के तहत बन रहे आवासों के कार्यों को 25 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल्द ही इन आवासों का लोकार्पण करवाया जाएगा। अरोडा ने कहा कि प्रदेश भर में चल रही सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता युक्त कार्य और तय समयावधि में पूर्ण होने का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम जन का विश्वास पुनः हासिल करने में मंडल मंडल ने सफलता पाई है। यही वजह है कि मार्च माह में लांच विभिन्न नवीन परियोजनाओं में आमजन ने बढ़-चढ़कर उत्साह दिखाया है। बैठक के दौरान मुख्य अभियंता द्वितीय जीएस बाघेला, वित्तीय सलाहकार संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक अनिल माथुर सहित योजनाओं से संबंधित उप आवासन आयुक्त परियोजना अभियंता, संबंधित विभागीय अधिकारीगण तथा संवेदक उपस्थित रहे।

## मणिपुर में फंसे छात्रों को जयपुर लाया गया

**जयपुर**। हिंसा प्रभावित मणिपुर में फंसे राजस्थानी विद्यार्थियों के सकुशल राजस्थान पहुंचाने का काम शुरू हो गया। सोमवार को इंडिगो एयरलाइंस की विशेष उड़ानों से 82 विद्यार्थी जयपुरपहुंचे।सुबह पहली फ्लाइट में 36 और दूसरी फ्लाइट में 46 कुल 82 छात्र इंफाल से कोलकाता के लिए रवाना हुए। इनमें से 26 स्टूडेंट्स दोपहर दो बजकर पचास मिनट पर इंडिगो फ्लाइट से कोलकाता से जयपुर के लिए रवाना होकर सायं पांच बजे जयपुर पहुंचें। इसके बाद 25 विद्यार्थी शाम 6 बजकर 25 मिनट पर इंडिगो फ्लाइट से कोलकाता से जयपुर के लिए रवाना होकर रात 8.40 बजे जयपुर पहुंचे। इस अवसर पर राज्य सरकार की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत और महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने जयपुर एयरपोर्ट पर इन विद्यार्थियों का स्वागत किया। एसीएस (समन्वय) एवं मुख्य आवासीय आयुक्त शुभ्रा सिंह ने बताया कि मणिपुर में फंसे शेष समस्त राजस्थानी विद्यार्थी मंगलवार को 2.50 बजे इंडिगो फ्लाइट से कोलकाता से जयपुर के लिए रवाना होकर सायं पांच बजे जयपुर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि जो स्टूडेंट्स इन स्पेशल फ्लाइटस से आने से किसी भी कारण से वंचित रह गए हैं, उन्हे कमर्शियल फ्लाइटस से राजस्थान लाए जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## दो शातिर वाहन चोर सहित खरीदार गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन दुपहिया वाहन भी बरामद किए है

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोर सहित चोरी के वाहन खरीदने वाले एक खरीदार को भी गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन दुपहिया वाहन भी बरामद किए है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द बिश्नोई ने बताया कि सीएसटी ने ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजकुमार उर्फ मोटा उर्फ विश्राम मीना (33) निवासी नांगल राजावतान जिला दौसा हाल ग्रेनाईट कॉलोनी आगरा रोड 52 फीट हनुमानजी के पीछे कानोता, सोनू मीना (28) निवासी मंडावरी जिला दौसा हाल झालाना डूंगरी और चोरी के वाहन खरीदने वाले जितेन्द्र मीना उर्फ जीतू (22) निवासी बोली जिला सवाई माधोपुर हाल कोटा को गिरफ्तार किया हैं। आरोपित राजकुमार उर्फ मोटा उर्फ विश्राम मीना अन्तर्राज्जीय वाहन चोर है जो अलग अलग समय में अलग अलग नए लडकों को अपनी गैंग में शामिल कर वारदात को अंजाम देता है।

सीएसटी को सूचना मिली थी कि कई राज्यों में वांटेड वाहन चोर राजकुमार उर्फ मोटा उर्फ विश्राम व उसका साथी सोनू मीणा ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में चोरी के वाहनों की डीलिंग करने आया हुआ है। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों बदमाशों का पकड़ा और साथ ही चोरी का वाहन खरीद रहे एक अन्य व्यक्ति जितेन्द्र मीना उर्फ जीतू को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी राजकुमार ने अठारह से अधिक दोपहिया और चौपहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया। वहीं आरोपी के बताने पर पुलिस ने तीन चोरी के वाहन रिकवर किए। आरोपित राजकुमार उर्फ मोटा उर्फ विश्राम मीना अंतर्राज्यीय वाहन चोर है जो अलग-अलग समय में नए लड़कों को अपनी गैंग में शामिल कर वारदात को अंजाम देता है। आरोपी के विरुद्ध राजस्थान के विभिन्न थानों में 26 प्रकरण वाहन चोरी के दर्ज है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चोरी की स्कूटी पर रैकी कर जयपुर शहर के विभिन्न इलाकों में गाड़ियां चुराना और चोरी करते ही खरीददार को बुलाकर वहीं पर गाड़ी को बेच देते है। चोरी की हुई स्कूटी को एक निश्चित जगह पिंक स्क्वॉयर मॉल के पास खड़ी कर देते थे। जब वारदात करनी होती थी तो स्कूटी को काम में लेते थे।

## इनामी वांछित भगोडा गिरफ्तार

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने तीन हजार रुपये के इनामी वांछित भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार कर नाहरगढ़ थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी क्राइम ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि सीएसटी ने तीन हजार रुपये के इनामी वांछित भगोड़े आरोपी राजाराम निवासी छापर जिला चूरू हाल चुंगी नाका गजनेर रोड बीकानेर को गिरफ्तार कर नाहरगढ़ थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया। आरोपी के खिलाफ नाहरगढ़ थाने में दर्ज मामले में वांछित होने पर पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) की ओर से गिरफ्तारी के लिए तीन हजार रुपये इनाम की घोषणा की गयी थी।

## पुस्तक का विमोचन



लेखक तनव की बाल मन पर प्रकाशित शॉर्ट स्टोरीज 'तनव और चुलबुली कहानियां' का केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक में विमोचन किया गया।

**जयपुर**। केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक में कक्षा सात के विद्यार्थी बाल लेखक तनव की हाल में बाल मन पर प्रकाशित शॉर्ट स्टोरीज का अद्भुत कलैक्शन 'तनव और चुलबुली कहानियां' का बजाज नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक में विमोचन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार तथा अन्य अध्यापकों और तनव के माता-पिता और छोटी बहन की उपस्थिति में प्रार्थना सभा में कहानियों की पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार ने प्रार्थना सभा में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तनव की उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## जैन मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र चोरी किया

**जयपुर**। राजधानी के श्याम नगर इलाके में शुक्रवार देर रात को विवेक विहार में चोर ने एक जैन मंदिर को निशाना बनाया है। इस दौरान चार चोर सरिए से मंदिर के गेट का लॉक तोड़कर अंदर रखे पचास किलो के दानपात्र को बाइक की पिछली सीट पर रखकर ले गए। बदमाश महज 7 मिनट में चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में वारदात कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि श्याम नगर स्थित विवेक विहार में आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में चोरी की वारदात हुई है। मंदिर के मंत्री सुरेन्द्र कुमार पाटनी (63) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि शुक्रवार रात को मंदिर को लॉक कर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया। सरिए से लेस होकर चार बदमाश मंदिर परिसर में घुसे। मंदिर के मेन गेट का लॉक तोड़ा। फिर कपड़े से दानपात्र को ढक देते हैं। दो बदमाश मंदिर से कुछ दूरी पर खड़ी अपनी दोनों बाइक को लेकर आते हैं। दोनों बाइक को स्टार्ट कर दो बदमाश उस पर बैठे रहते है। उनके दोनों साथी 50 किलो के दानपात्र से कपड़ा हटाकर उसे उठाकर एक बाइक की पिछली सीट पर रख कर ले जाते हैं।

शनिवार सुबह मंदिर आने पर चोरी की वारदात का पता चला। मंदिर में चोरी का पता चलने पर स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। श्याम नगर थाना पुलिस ने मौके से सबूत जुटाए। चोरी गए दानपात्र में 50 हजार रुपए से ज्यादा का चढ़ावा था।

मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को खंगाला तो चोरों की करतूत कैद मिली। मंदिर में पिछले साल 6 नवम्बर को भी मंदिर में चोरी हुई थी। मंदिर में घुसे चोरों ने दानपात्र को तोड़ने का प्रयास किया था। दानपात्र तोड़ कर रुपए नहीं निकाल पाए तो मंदिर से टीवी और कीमती सामान चोरी कर ले गए थे।

## सार-समाचार

### घर में घुसकर युवती का अपहरण

**जयपुर**। राजधानी के दौलतपुरा इलाके में घर में घुसकर एक युवती का अपहरण करने का मामला सामने आया है। विरोध कर बचाने आई बहनों को धक्का-मुक्की कर आरोपियों ने दूर कर दिया। अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने-कैश लूट ले गए। थाने में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि दौलतपुरा निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह प्राइवेट जॉब करते है और परिवार के साथ रहते है। 2 मई को वह रिश्तेदारी में पत्नी व बेटों के साथ गांव गया था। घर पर बेटियां मौजूद थी। आरोप है कि घर पर बाबूलाल सैनी नाम का लड़का दो दोस्तों के साथ आया। 22 साल की बेटी को घर में घुसकर जबरन किडनैप करने की कोशिश की। बहनों ने बचाने का प्रयास किया तो उन्हें धक्का-मुक्की कर दूर कर दिया। अलमारी में रखे 3 लाख रुपए और गहने भी तीनों आरोपियों ने लूट लिया। जबरन बेटी का किडनैप कर गहने-कैश लूटकर फरार हो गए।

### 326 पद होंगे सृजित

**जयपुर**, (का.सं.)। डूंगरपुर, भरतपुर, चूरू, सीकर, भीलवाड़ा, बाड़मेर एवं पाली चिकित्सा महाविद्यालय में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के लिए 326 पदों का सृजन होगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार, उक्त पद राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स-2022 के अनुसार लिए जाएंगे। इनमें 18 प्रकार के कुल 326 पदों को भरा जाएगा। साथ ही, 4 प्रकार की सेवाओं के 58 पद जॉब बेसिस पर लिए जाएंगे।

### क्रमिक अनशन 54 वें दिन भी जारी

**जयपुर**। राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहा क्रमिक अनशन सोमवार को 54वें दिन भी जारी रहा। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के राजेंद्र बैंसला के नेतृत्व में दुर्गा सिंह चौहान, समय सिंह, सुनील सैनी एवं गोविंद भादरा 24 घंटे के क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, देवेंद्र सिंह नरूका, महेंद्र शर्मा, रमेश तिवाड़ी और सतीश शर्मा सहित कई कर्मचारी अनशन पर बैठे।

### पत्रकारों को मिलेगा स्वास्थ्य कार्ड

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में पिंकसिटी प्रेस क्लब, निम्स यूनिवर्सिटी एवं डॉ पंकज सिंह फाउंडेशन के तत्वावधान में पिंकसिटी प्रेस क्लब के मीडिया सेन्टर में सोमवार को पत्रकारों के स्वास्थ्य कार्ड का विमोचन किया। क्लब अध्यक्ष राधारमण शर्मा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी, कोषाध्यक्ष राहुल गौतम एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी ने डॉ. पंकज सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि सर्वेश्वर शर्मा का माल्यार्पण एवं स्मृति चिंह प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. पंकज सिंह ने कहा कि पत्रकार खबरों के माध्यम से समाज को जागरूक करते है, लेकिन समय की व्यस्तता के चलते अपने एवं परिवार के स्वास्थ्य की ओर ध्यान नही दे पाते है। पत्रकारों एवं उनके परिवार के स्वास्थ्य लाभ के लिए निम्स हॉस्पिटल ने पहल की है। जिसमें पिंकसिटी प्रेस क्लब के सदस्यों एवं उनके परिजनों को शामिल करते हुए स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाएंगे।

## कॉक्लीयर इम्प्लांट की नई मशीन को चिरंजीवी योजना में शामिल करने की मांग



**जयपुर**, (का.सं.)। कॉक्लीयर इम्प्लांट परिवार ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर कॉक्लीयर इम्प्लांट की मशीन के पार्ट्स व नई मशीन को चिरंजीवी योजना में शामिल करने की मांग की है।

उन्होंने पत्र में सीएम का धन्यवाद दिया कि 50 हजार रुपये मशीन के रख-रखाव के लिये स्वीकृत किये और कॉक्लीयर इंप्लांट को चिरंजीवी योजना में शामिल किया। उन्होंने लिखा कि वर्तमान में लगी हुई मशीन की कुछ कंपनियां 2022 में बंद हो चुकी हैं जिसके लिये पुरानी मशीन को अपग्रेड करना या नई मशीन चिरंजीवी योजना में उपलब्ध करायें। रोज-रोज खराब होने वाले इंप्लांट की मशीन के पार्ट्स व नई मशीन चिरंजीवी योजना में शामिल कर राजस्थान के हजारों परिवारों को आर्थिक व मानसिक सम्बल प्रदान करें। विशेष योग्यजन बच्चों के परिवारों को बीपीएल श्रेणी में शामिल करें।

## महिला के खाते से साढ़े 7 लाख रुपए निकाले

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर साढे 7 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया हैं। 65 वर्षीय बीना अजमेरा ने बताया कि 4 मई को शाम 5 बजे से 9बजे के बीच में उसके खाते से 7 लाख 50 हजार 560 रुपए तीन बार में अज्ञात बदमाश के द्वारा निकाल लिए। उसके मोबाइल पर पैसा निकलने से पहले ओटीपी आया था लेकिन उस ने इस पर ध्यान नहीं दिया। रात 10 बजे जब अफ्रीका में जॉब कर रहे बेटे के पास पैसा निकलने का मेल गया, तो उसने मां बीना को फोन कर खाते से पैसा निकलने की जानकारी दी। इस पर पीड़ित जवाहर सर्किल थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया।

बीना अजमेरा के पति राजेश अजमेरा ने बताया कि 4 तारीख को उनके साथ हुई धोखाधडी की जानकारी उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम और साइबर सेल को बता दी। 5 तारीख को वह जवाहर सर्किल थाने पहुंचे और शिकायत दी जिस पर पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया।

## मौसमी बीमारियों की रोकथाम का प्रशिक्षण लिया

■ प्रशिक्षण में नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं पब्लिक हैल्थ नर्स ने भाग लिया

**जयपुर**। प्रदेश में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं जिलों में की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सोमवार को प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में विशेषकर हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर कार्यरत नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं पब्लिक हैल्थ नर्स ने भाग लिया।

अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि सीएचओ एवं पीएचएन के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी सघन बस्तियों में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव के बारे में आवश्यक गतिविधियां संचालित करने में और तेजी आएगी। उन्होंने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों के लिये घर-घर सर्वे के दौरान उस क्षेत्र का एचआई व बीआई के बारे में अवगत कराते हुये अन्य गतिविधियां सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल तथा व्यापक प्रचार-प्रसार गतिविधियों के माध्यम से मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कार्यवाही संचालित की जा रही है। साथ ही मौसमी बीमारियों में स्क्रब टायफस, स्वाईन फ्लू व दूषित जल व दूषित खाद्य पदार्थ से होने वाली बीमारियों की रोकथाम व बचाव के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया।

उप निदेशक (मलेरिया) डॉ. निर्मला शर्मा ने बताया कि वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वा.), खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीएचसी आशा सुपरवाईजर, ब्लॉक आशा फेसिलेटर, जिला आशा समन्वयक व एएनएम को मौसमी बीमारियों से बचाव व उपचार के बारे में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया के जांच के लिये लक्ष्य के अनुरूप ब्लड स्लाईड एकत्रित करने करने का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है।

## कर्नाटक से चुनाव प्रचार कर जयपुर पहुंचे डॉ. पूनियां

### 'कर्नाटक के चुनाव पीएफआई की अराजकता के खिलाफ है'

**जयपुर**। कर्नाटक में चुनाव प्रचार कर आज शाम जयपुर पहुंचे राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि, कर्नाटक का मतदाता देश के एजेंडे पर मतदान करता है, देश में जिस तरीके से विचारधाराओं का ध्रुवीकरण हुआ और एक अरसे तक कांग्रेस की छत्रछाया एवं संरक्षण में पीएफआई जैसे संगठन फले फूले।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इस देश में अराजकता को जन्म दिया और गाहे-बगाहे कर्नाटक भी इससे अछूता नहीं रहा, पीएफआई की प्रतिछाया है, उसका जिस तरीके से वहां आतंक रहा और जिस तरीके से कांग्रेस के लोगों ने आस्था पर चोट की कि अगर सत्ता में आए तो बजरंग दल को बैन करेंगे। कर्नाटक के लोग बजरंगबली में आस्था रखते हैं, यह चुनाव पीएफआई की अराजकता के खिलाफ है, यह चुनाव बजरंगबली की आस्था के प्रति समर्थन का चुनाव है। यह चुनाव डबल इंजन की सरकार का चुनाव है, क्योंकि मोदी सरकार की जो बुनियादी योजनाएं हैं, जिनसे कर्नाटक के आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार के प्रति कर्नाटक की जनता पूरी तरीके से आस्थावान है, अपना समर्थन जाहिर कर चुकी है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में 5 लाख से 10 लाख लोगों का आगमन होता था, आमजन का यह आशीर्वाद अपने आपमें पर्याप्त है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, राहुल गांधी वहां प्रचार कर रहे थे, लेकिन कर्नाटक की जनता ने नरेंद्र मोदी का चेहरा, चरित्र, व्यक्तित्व, भाषा और विजन पसंद किया।

## जयपुर ब्लास्ट की बरसी पर सभी 250 वार्डों में होंगे हनुमान चालीसा के पाठ : अरूण चतुर्वेदी

**जयपुर**। जयपुर शहर में 13 मई 2008 को विभिन्न स्थानों पर हुए सीरीयल बम ब्लास्ट की पंद्रहवीं बरसी पर होने वाले धरना प्रदर्शन और हनुमान चालीसा पाठ के संबंध में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी और जयपुर सांसद रामचरण बोहरा सहित शहर जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस कॉफ्रेस को संबोधित किया। इस दौरान चतुर्वेदी ने कहा कि जयपुर के सभी 250 वार्डों में इस दिन धरना-प्रदर्शन के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इसके बाद जयपुर ब्लास्ट इंसाफ मांगे राजस्थान नाम से पोस्टर जारी करते हुए अभियान से जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल के लिए टोल फ्री नंबर जारी करते हुए शनिवार को प्रदेशभर में टिवटर पर हैश टैग चलाने के लिए कहा।




उन्होंने प्रदेश की गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जयपुर बम धमाकों के दौरान देश में पांच बड़े बम धमाके हुए थे, जिसमें से समझौता एक्सप्रेस, मालेगांव बम ब्लास्ट, हैदराबाद मक्का मस्जिद ब्लास्ट, अजमेर दरगाह बम ब्लास्ट मामले और जयपुर बम ब्लास्ट, इनमें से जयपुर बम ब्लास्ट के अलावा चारों मामलों में जांच एनआईए को सौंपी गई। वहीं जयपुर ब्लास्ट मामले में इंडियन मुजाहिदीन के आतंकियों को बचाने के लिए गहलोत सरकार ने एसआईटी का गठन कर उसे जांच सौंप दी, जिससे बम कांड से जुड़े तथ्य सही से नहीं जुटाए गए जिसके चलते सभी आरोपी उच्च न्यायालय से बरी हो गए। कांग्रेस की तुष्टिकरण की मंशा साफ स्पष्ट होती है। चतुर्वेदी ने जयपुर ब्लास्ट की पैरवी के संबध में कहा कि इस मामले को लेकर न्यायालय में 48 पेशियां लगी, लेकिन सरकार की ओर से किसी भी तारीख पर मजबूत पैरवी के लिए वकील नहीं भेजे गए। वहीं जब बात अफजल गुरू को बचाने की आती है तो कांग्रेस रात 12 बजे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाती है। कांग्रेस नेता और वकील अभिषेक मनु सिंघवी आतंकियों के मामले में आगे आकर पैरवी करते हैं, जबकि अन्य मामलों में चुप्पी साध लेते हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर भगवा आतंकवाद जैसे नारे देने का आरोप भी लगाया। प्रेस कांफ्रेस में अरूण चतुर्वेदी ने गहलोत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सभी दोषियों को बरी हुए एक माह से ज्यादा समय हो गया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर नहीं की गई, जबकि भाजपा ने दो पीड़ित परिवारों के साथ जाकर एसएलपी दायर करने में सहयोग किया।

## डिजिटल प्रमोशन के लिए एम.ओ.यू. पर होंगे हस्ताक्षर

**जयपुर**। राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) का तीसरा संस्करण इस वर्ष 14 से 16 जुलाई तक जयपुर में आयोजित किया जाएगा। मार्ट को प्रमोट करने के लिए राजस्थान के विभिन्न शहरों में रोड शो आयोजित किए जाएंगे। इसका पहला रोड शो 9 मई को जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित किया जा रहा है।

यह आयोजन पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसे होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) का भी समर्थन प्राप्त है।

रोड शो को प्रमुख शासन सचिव, पर्यटन, गायत्री राठौड; निदेशक पर्यटन, डॉ. रश्मि शर्मा और एफएचटीआर के अध्यक्ष, अपूर्व कुमार संबोधित करेंगे। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) के प्रेसिडेंट ऑनर, भीम सिंह; इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) के अध्यक्ष, रणधीर विक्रम सिंह; होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर) के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला; राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के प्रेसिडेंट, महेंद्र सिंह राठौड़ और एफएचटीआर व राटो के महासचिव, मोहन सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

आयोजन के दौरान, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार और एफएचटीआर के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह एमओयू पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में राजस्थान में टूरिज्म के डिजिटल प्रमोशन के लिए है। विभाग की ओर से, निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा और एफएचटीआर की ओर से अध्यक्ष अपूर्व कुमार दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेंगे।



## Saturn Can Float on Water Like Ice

Saturn is a huge planet, the second-largest among eight planets in the solar system. If we consider density, it is the only planet that has a density less than that of water. And according to the theory of flotation, a substance with less density than of liquid floats in that liquid. So, it could literally float on water. Of course, there has to be a sea of water large enough so that Saturn can float. But if there is one, it will float while all other planets sink.

#EDUCATION

# Myth Of The Fast Learner




In the right conditions, people learn at a remarkably similar rate, researchers report.

The researchers wanted to know why some students learn faster than others. They hoped to identify fast learners, study them, and develop techniques that could help students understand new concepts quickly.

What they found surprised them.

Ken Koedinger, professor of computer science at Carnegie Mellon University's Human Computer Interaction Institute (HCII), led the research published in the Proceedings of the National Academy of Sciences.

He and his team examined data from 1.3 million student interactions from different kinds of educational technologies, including intelligent tutors, online courses, and educational games. The data,



gleaned from learning science repository DataShop, indicated that learners master new concepts by having opportunities to practice them.

"The data showed that achievement gaps come from differences in learning opportunities and that better access to such opportunities can help close those gaps," Koedinger says. "This is further confirmation that these educational technologies can provide favourable learning conditions that make it easier to learn something new, like a second language, or a scientific or math concept."

If educators understand where their students are starting from, they can help students catch up to their peers by giving them more opportunities to practice the material. For example, they could incorporate a cognitive tutor that can give students instant feedback on homework problems.

"We have all seen cases where somebody gets to a learning outcome sooner than a peer-one student gets an A in algebra and another gets a C. But what we don't usually track is where they started. Our results are not contradicting that people end up in different places, but accounting for where students are starting from can tell us a lot about where they will end up," Koedinger says.

Paulo Carvalho, a systems scientist and special faculty at HCII and co-author, says the paper supports the idea that information sticks with students longer if they are actively engaged while learning, an experience supported by the kinds of educational technology used in this study.

"We have several studies that show that when a student is actively working they tend to do better than if they are just passively reading the materials," Carvalho says. "The data sets that we use for the PNAS paper all use systems that create favourable conditions for learning-the students are actively engaged, answering questions, and getting immediate feedback, for example."

The data used in this study was from students from elementary to college courses in math, science, and language. Koedinger says that for all students, a growth mind-set is important.

"No matter who you are, you can do it. You might have had fewer prior opportunities in your life, so it may be harder at first than it is for other people, but you will make just as much progress as anyone else as long as you stick to it," he says.

Additional co-authors of the paper are Elizabeth A. McLaughlin, a scientific technological specialist at HCII and Ran Liu, chief AI scientist at Amira Learning.




# Another Coronation & Jaipur's Attendance (...2)

Madho Singh presented 2000 carat diamond-encrusted sword made by a famous jeweller of Jaipur Seth Banji Tholia. This sword was made of steel and gold, enamelled in blue, green and red the diamonds were set in a lotus shape with green leaves made of emerald. This was the most prized gift that King Edward VII received. That day the Jaipur princely state received a big ovation from the Kings and Queens of the world.



Maharaja Sawai Madho Singh II.




Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*


Maharaja Sawai Madho Singh, who was an adopted king of Jaipur was born Kaim Singh, the second son of the Thakur of Isarda, a petty chieftain related to the ruling house of Jaipur. After the death of their father, a dispute with his elder brother over the succession left the teenage Kaim exiled and living in poverty. He found work as a risaldar in the cavalry of the Nawab of Tonk. But his fate overturned and the son of the Noble from Isarda found a Guru in Bramhachari Giridhar Sharan, who predicted that he would become the Maharaja of Jaipur one day. When Ram Singh II dies in 1880, he had no heir, and chose on his death bed to adopt the 18-year-old Kaim, who was crowned under the name Madho. Married a Jadaun lady, daughter of Rao Budhpal Singh of Ummargarh estate, Etah, U.P.

As ruler of the large and prosperous state of Jaipur, Madho Singh embraced modern ideas on education and sanitation. He built schools, colleges, hospitals and a museum. When famine struck in 1896-1897 and 1899-1900, he used state funds to feed the population. He also appealed to the Viceroy, Lord Curzon, to start a permanent Famine Relief Fund, which Singh began with a gift of £133,000 (equivalent to £15,309,478 in 2021).

Singh was exceptionally loyal to the British crown, and sent his troops and horses to assist the British side in fighting in Chitral in 1894-1895, the Tirah Campaign in 1897-1898, and in the South African War. In the First World War, he again sent his men and machine guns to assist in the Mesopotamian campaign at his own expense.

Singh was made an honorary Major-General and was further rewarded with honours. He was made Knight Grand Commander of the Order of the Star of India and of the Order of the Indian Empire, and a Knight Grand Cross of the Royal Victorian Order and of the Order of the British Empire.

In 1921, he adopted the second son of the Thakur of Isarda, whose wife was related to his Jadaun Maharani. He died in 1922 and was succeeded by his adopted son, the Maharaja Man Singh.

It was in the year 1901 when Queen Victoria died, the coronation of Edward VII took place in London. A much reluctant Madho Singh had to travel to England to attend the coronation.

### The Sea Journey

The Maharaja for various reasons wanted to avoid going to England as he was a religious person and was a devout Bhakta of Govind Deoji whom he worshipped every day. But the British officers forced him to travel to London for the coronation. The priests of the Jaipur state were against the visit of their Maharaja. The priests had said that a sea journey by ship would lead to the ruler losing his Varna (social status). Not only his contacts with the Mlechhas barbarians (in Vedic Sanskrit), it would also force him to sever links with the Ganga water. The pundits even warned the Maharaja that he took the journey it would be something like Kalapani where convicted persons were sent to languish in the Andaman jails.

When Mahatma Gandhi travelled to England to study law, the priests of Porbandar cursed him and admonished him for having been to the country of Mlechhas.

The Maharaja could not defy the orders of the priests, but the British officers told him that if he failed to attend the coronation, it would be treated as a violation of protocol. The Maharajas of other states in Rajputana and other Maharajas were all going for the coronation.

The Maharaja was barely literate and he could barely sign in Hindi but was gifted with worldly knowledge. He sent his trusted Thakurs and officials to the priests and asked the priests to find a solution. The priests said that he could travel by ship, provided he cooked his own food devoid of meat and beef. He was also asked to carry the idols of the family deity of the Jaipur royals on the ship and a special cabin should be created and the deity should be placed on Jaipur soil. His meals would be offered to the gods before, he could eat it. He was asked to take Gangajal (Ganga water) along with him during the journey. He would only eat meals cooked by the Ganges water and would drink only Gangajal.



(Madho Singh) Sansar Chandra Sen.
*Photo : Courtest Dr Gautam Sen.*

But carrying the holy water that could last the sea journey and also the two-month log stay in London required gallons and gallons of water. While the Maharaja drank Ganga Jal, others were drinking normal water and were eating food cooked on normal water.

The silversmiths were summoned and asked to design silver vessels that could be taken on a ship. The team of silversmiths headed by Govind Narain and his deputy Mahadev worked for months to prepare a design of a huge jar that could hold 9000 liters of water and three such jars made of pure silver were made. These jars weighing 375 kilos each and 1.6 meters (nearly five feet and three inches) and having a circumference of 4.5 meters or 14 feet and 10 inches were made using traditional tools. These urns were first tested to ensure that it was leak-proof. Once it was ensured that the silver jars were leakproof, it was sent to Hardwar to fill it with the Holy Ganges water. These urns are proudly displayed at the City Palace. Today, a similar jar would cost Rs 12 million as the cost of silver alone. Some 27,000 liters of water were estimated to be sufficient for the use of the Maharaja for two months.

The Maharaja wowed that he would follow the instructions of the priests. Thomas Cook was hired as the travel agent and a ship SS Olympia was booked for a whopping fee of Rs 15 lakh over a century ago for the journey from Bombay to London. The ship according to today's price would have cost Rs 450 million.

The ship which was made in France was asked to have six special suites. The first and the most important suite was for the family deity Lord Gopalji whose idols were to accompany the Maharaja in the sojourn. The second luxurious suite was for the Maharaja. The third was for the royal priests. The fourth was for a minister in the Jaipur state Sansar Chandra Sen a Bengali. And two other suites were for the other members of the troupe. The total baggage was 75 tonnes that were carried from Jaipur to Bombay en route to London

### Religious Ceremonies

The royal troupe comprised 125 strong members that included Nobles, ministers, personal staff, cooks, personal attendants, and two doctors.



Maharaja Sawai Madho Singh II.



King Edward VII.

The whole ship was washed with the Ganges water that was separately brought by a special train from Hardwar and taken by the special train from Hardwar to Bombay Port. The washing of the ship was done under the supervision of the Raj Acharya Laxmi Narayan Bhatt who was the Chief Priest of the Maharaja. Photos and other material related to the Puja are with the grandson of the Chief Priest Kailash Bhatt. Twenty-five priests had gone from Jaipur to perform the Puja of the ship. Months of preparation were needed and the help of the Marwari businessmen in Bombay was taken for making the arrangements for the journey.

"My grandfather Raj Achryaji performed the Sagar Puja (worshipping the sea) which the Kachhawa rulers claimed was similar to the rituals performed by their ancestors Lord Rama at the Setuband coast before conquering Ravana's Lanka. The offerings dropped in the sea in Bombay were worth several lakhs. As the ship sailed and started leaving the dock, the priests performed rituals and chanted mantras wishing for the safe journey of the Maharaja. The Maharaja was standing on the deck of the ship to bid farewell to the people. The ship would chug at a speed of 20 knots covering a distance of 2000 meters in an hour" said Kailash Bhat a senior advocate.

Two days before the departure of the ship the 25 priests who were sent from Jaipur performed Puja to keep the Varuna, the presiding deity of the Ocean in Hindu religion propitiated and symbolic gifts of gold, silver, pearls, diamonds, and gold coins were dropped in the sea as part of the religious ceremonies. Hundreds of fishermen of Bombay thronged the ship and dived into the sea to fish out these precious offerings of gold, silver, pearls and diamonds. Socialites of Bombay hired canoes to witness the Puja ceremony being performed from the sea. They watched the ship sail slowly bidding Bon Voyage to the Tall and hefty Maharaja.

The Captain of the ship Al Osborne was presented with a gold watch by the Maharaja and other members of the crew of the ship were suitably rewarded by the Maharaja. The Maharaja had not seen a sea before and the journey was a great experience for his troupe. The Maharaja was a little nervous for the first two days, but the Captain of the ship would make him cheerful by taking him on the deck and showing him the splendour of the sea.

The ship faced a mild sea storm which terrified the Maharaja and sent the crew to sixes and sevens. The captain came to the suite of the Maharaja to convince him that such storms are common during the sea journey. But the Maharaja went to the suite where the deities were kept and started offering prayers.

> During his stay in England the Maharaja cleaned his hands with soil carried from India and washed them with the water of Ganga, every time he shook hands with the foreigners there. While many London newspapers titled him as the 'Religion Devoted King' for his incomparable devotion to River Ganga and Radha-Krishna, some mocked at him calling him insane for practicing blind faith on rituals and traditions.

### The Maharaja's Procession

The ship reached Aden which was the first stopover and there the Maharaja learned that a German ship that was caught in the storm was doomed and only 11 out of the 43 crew members could survive. All this made the Maharaja very worried, but the captain of the ship would sit with him and convince him that he would reach England safely.

The ship after a long journey reached the Southampton Port where the ship docked and the rituals of the customs were followed. The Maharaja was received by the British officials. The two officials of the state who were sent in advance had taken a huge lodge for the comfortable stay of the Maharaja. Other accommodations for the other members of the troupe were taken in and around. The Maharaja stayed in the lodge and the deities were placed in one room Maharaja after settling the deities would shift to his suite and would relax.

It was summer in England and prior to the main coronation function, the Maharaja would visit various places in the Capital of the British Empire.

It was the historic day of 3rd June 1902 when a procession of Indian lords Radha-Krishna was seen on the streets of London. The priests would carry the idols on their heads and the Maharaja walked barefoot on the streets of London.

During his stay in England the Maharaja cleaned his hands with soil carried from India and washed them with the water of Ganga, every time he shook hands with the foreigners there.

While many London newspapers titled him as the 'Religion Devoted King' for his incomparable devotion to River Ganga and Radha-Krishna, some mocked at him calling him insane for practicing blind faith on rituals and traditions.

The Maharaja's procession was the first of its kind in London and the Britishers were amazed to see such a procession with the priests chanting mantras.

The procession was also a very talked about topic during the ceremony with the guests having a curious look at the Maharaja.

### Jaipur Naresh Ki England Yatra

The Maharaja had got stitched a long silky robe for him and was bedecked with the choicest jewellery of the state. As the maharaja was not educated and could not speak English, he would always go to the various functions with Sansar Chandra Sen and a knowledgeable person like Pandit Madhusudan Jha.

However, it was noticed that Maharaja Ganga Singh enjoyed far more clout than the Maharaja of Jaipur. It was because the Maharaja took an active part in the Boxer Rebellion in China and sent his troops there. He became the first Indian prince to fight in a foreign land under the British flag.

On his return, he was feted by Lord Curzon and he was handed over an invitation to attend the King Edward VII coronation.

The Maharaja and Ganga Singh became good friends and both of them attended parties together. But the same Ganga Singh took an opposite stand when he wanted to adopt Man Singh which embittered the good relationship between the two Kings.

Maharaja was much in the news during the coronation ceremony that saw the world's monarchs attending the coronation with their Queens.

Madho Singh presented 2000 carat diamond-encrusted sword made by a famous jeweller of Jaipur Seth Banji Tholia. This sword was made of steel and gold, enamelled in blue, green and red the diamonds were set in a lotus shape with green leaves made of emerald. This was the most prized gift that King Edward VII received. That day the Jaipur princely state received a big ovation from the Kings and Queens of the world.

The visit helped the Maharaja build a lasting relationship with the British royals. The Maharaja after spending a good time took the return journey. It's said that the Maharaja did not attend the official dinner as he would not eat the food served there and returned to his place of stay to have a quiet dinner. It also said that the Maharaja did not shake hands with the King.

On the return journey the Maharaja's ship got damaged because of choppy sea and the ship had to be repaired at Adden after which the Maharaja took the return journey to Bombay.

During the journey, the Maharaja celebrated on August 27, 1902, his birthday and presented 41 gold coins to the family deity. The Maharaja returned to Bombay on September 12, 1902, and he heavily tipped the crew of the ship and thanked the crew for the safe journey.

On his return, the Maharaja was given a big reception by his subjects in Jaipur when he returned by train from Bombay to Jaipur.

A quaint rare collectible chronicles the journey of yore in all its sparkling details. Sansar Chand Sen, a top member of the Maharaja's council of ministers kept a detailed account of the Maharaja's sojourn in his diary. On his return, he published a detailed account of the journey titled Jaipur Naresh Ki England Yatra, 10 years after the journey in 1922 authored by Shiv Narayan Saxena, a state official. This book is still in the possession of advocate Kailash Bhatt.

***To be continued....***


*rajeshsharma1049@gmail.com*




At the prize distribution ceremony when Prince Charles played in Jaipur.




Indian military representatives at the coronation of King Edward VII.



Two groups of Sawai Madho Singh II, Maharaja of Jaipur with others after the shikar, 1890s.




WhenPrince Charles came to play polo in Jaipur from left to right Rajmata Padmini Devi , Prince Charles, Harish Jain, Prakash Surana, Navratanmal Kothari, Princess Diana, Maharaj Jai Singh, Ved Ahuja Shikhar, Chand Punglia and Govind Sharma.



Coronation of Edward VII and Alexandra.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# एल.एच.वी., ए.एन.एम. संघ ने रैली निकाल प्रदर्शन किया

## संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट से पोस्टकार्ड रैली निकाली



एलएचवी, एएनएम संघ के पदाधिकारियों ने पोस्टकार्ड रैली निकाली।

**चूरू,** (कासं)। एलएचवी, एएनएम संघ के पदाधिकारियों ने आठवें दिन कलेक्ट्रेट से मुख्य पोस्ट ऑफिस तक पोस्टकार्ड रैली निकाली। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि एलएचवी एएनएम संघ की मांगों को अगर सरकार समय रहते पूरा नहीं करेगी तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार व जिला प्रशासन की होगी। महासंघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबू खां ने कहा कि सरकार को इनकी मांगों को मानना होगा।

संघ की जिलाध्यक्ष बाला राठौड़ ने बताया कि हमने 5 सूत्री मांगों को मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखकर पोस्ट ऑफिस में रैली के माध्यम से नारेबाजी करते देकर आये हैं, ताकि सरकार की आंखें खुल जायें। पांच सूत्री मांगों को स्वीकार नहीं किया गया तो एलएचवी, एएनएम संघ का अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर संघ की ब्लॉक अध्यक्ष शारदा, सरोज, मदनी, सुमित्रा, उर्मिला, कविता, सुनिता, सुनिल कुमारी, मधू, कमलेश, कविता प्रर्मिला, भरतेरी, चन्द्र, सुनीता, सुलेश, बिमला, सविता नेहरा, सुमन, मंजू जागिड़, इंद्रा व संगीता आदि पदाधिकारी मौजूद थे।

## रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी** (निस)। सोमवार को एसीबी ने कोतवाली थाने में कार्रवाही करते हुए पुलिस उपनिरिक्षक पूरण सिंह जाटव को 5 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की सवाईमाधोपुर इकाइ को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मुकदमे में कार्यवाही करने की एवज में उपनिरिक्षक पूरण सिंह जाटव 10 हजार रूपए की रिश्वत मांग रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर के उप महानिरिक्षक कालूराम रावत के निर्देशन में एसीबी सवाईमाधोपुर की इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन करवा कर पुलिस निरिक्षक विवेक सोनी द्वारा मय टीम ट्रेप की की कार्यवाही करते हुये पुलिस उपनिरिक्षक पूरण जाटव निवासी सैंगरपुरा पुलिस थाना सदर करौली हॉल उपनिरिक्षक पुलिस पुलिस थाना कोतवाली गंगापुर सिटी को परिवादी से 5 हजार रूपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

एसीबी एएसपी ने बताया कि आरोपी को एसीबी कार्रवाही की भनक लग जाने के कारण रिश्वत की राशि को खुर्दबुर्द कर दिया, जिसके संबंध में आरोपी से पुछताछ की जा रही है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाही की जा रही है।

# सुजला जिला बनाने के लिये बनाई रणनिति

## 'सुजला जिला बनवाने अगस्त महाक्रांति शुरू की जायेगी'



सुजानगढ़ के गांधी चौक में आयोजित बैठक में उपस्थित लोग।

**सुजानगढ़,** (निसं)। सुजला जिला बनाने की मांग को लेकर गांधी चौक में जनप्रतिनिधियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों व व्यापारियों की बैठक रविवार को आयोजित हुई। सुजला महा सत्याग्रह संयोजक श्रीराम भामा के सानिध्य में आयोजित बैठक में अब तक के आंदोलन की कमीयों को समझते हुए आगे की रणनीति तय की गयी। वक्ताओं ने कहा कि अगर सरकार द्वारा जुलाई तक सुजला जिला बनाने की घोषणा नहीं की गई तो सुजला जिला बनवाने एतिहासिक अगस्त महाक्रांति शुरू की जायेगी। मिटिंग में आये प्रस्ताव के अनुसार 17 मई को सुजानगढ, जसवंतगढ़, लाडनूं, बीदासर में एक साथ 17 जगह 17 घण्टे की मीटिंग, भूख हडताल शुरू की जायेगी। खानपुर के रघुवीर सिंह राठौड ने कहा कि यदि सुजला जिला बनता है तो मैं जिला स्तरीय विभागीय कार्यालयों के निर्माण के लिए सरकार को 17 बीघे जमीन योगदान स्वरूप दूंगा।

सुजला जिला बनाओ संघर्ष समिति लाडनूं के संयोजक मो. मुस्ताक् खान कायमखानी ने दो टूक शब्दों में कहा कि मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता हूँ लेकिन सुजला जिला बनवाने के लिये जी जान से प्रतिबद्ध हूँ। उन्होंने कहा कि सुजला जिला आंदोलन में राजनीति, एकाधिकार, अपमान, चन्दा चकोरी आदि का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। किशोरदास स्वामी ने कहा कि वे जिले की मांग पूरी करवाकर रहेंगे। इस अवसर पर मनीष दाधीच, भागीरथ बिजारणीया, पार्षद दीनदयाल पारीक, शिव सेना के मनोज तिवाडी, भंवर लाल गिलाण, विजय सिंह पेंटर, मोहित बोचीवाल, अनीता चौधरी, सरोज, पूर्व पार्षद रजनी सोनी, एडवोकेट सलीम खां, दीपदास, भंवरसिंह बाटड, आशाराम खिलेरी, कुंदन मल फगेडीया, नारायण राम कस्वा ने अनेकों सुझाव दिये।

# ट्रक और ट्रोले की भिड़ंत में चालक की मौत

## हादसे में ट्रोला चालक घायल हो गया

**सूरतगढ़,** (निसं)। सूरतगढ़-श्रीगंगानगर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर गांव सरदारपुरा बीका के पास ट्रोले और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें ट्रक चालक की मौत हो गई, वहीं ट्रोला चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को राजकीय चिकित्सालय की मॉर्च्युरी में रखवाया।

सदर थाना प्रभारी सुभाष बराला ने बताया कि श्रीगंगानगर सड़क मार्ग पर गांव सरदारपुरा बीका के पास शाम करीब पांच बजे ट्रक और ट्रोले में भिड़ंत हो गई। हादसे में राजसमंद से पत्थर लेकर पंजाब के बठिंडा की ओर जा रहे ट्रोले का चालक सीताराम (25) पुत्र हंसराज निवासी लूणकरणसर घायल हो गया। जबकि ट्रक के चालक सुखराम (35) पुत्र देवीलाल निवासी मिठडिया, अर्जुनसर की मौके पर ही मौत हो गई।

राहगीरों की ओर से हादसे की सूचना के बाद 108 एंबुलेंस के चालक संदीप कुमार और ईएमटी तौफीक मौके पर पहुंचे और घायल चालक को लेकर सूरतगढ़ के राजकीय चिकित्सालय स्थित ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज शुरू किया गया। सदर पुलिस ने मृतक के शव को राजकीय अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी सुभाष बराला ने बताया कि पुलिस जाप्ते ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात शुरू करवाया।

## प्रदर्शन 11 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। सोमवार को शिक्षक भवन में महिला पहलवानों के जंतर मंतर पर दिए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने के समर्थन में यौन उत्पीड़न करने वाले भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने उसको संघ के अध्यक्ष पद से हटाने की मांग को लेकर वामपंथी जनवादी संगठनों की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 11 मई को शिक्षक भवन से झुंझुनूं जिला कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली जाएगी तथा जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार की यौन अपराधी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को पोस्को एक्ट में गिरफ्तार न करने की भूमिका की आलोचना की। बैठक में सीपीआईएम राज्य सचिवालय के सदस्य कॉमरेड फूलचंद बर्बर आदि ने संबोधित किया।

# मालपुरा को जिला घोषित करवाने की मांग

## प्रतिनिधिमंडल ने सीएम की मुख्य सचिव डोगरा से मुलाकात की

**मालपुरा** (निस)। मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे जिला बनाओ कोर कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री की मुख्य सचिव आरती डोगरा से मिल मालपुरा को जिला बनाने की मांग को पूरा करने के लिए तथ्यात्मक दस्तावेजो की रिपोर्ट ज्ञापन के रूप मे सौंपते हुए अवगत करवाया कि पूर्व शिक्षामंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास का टिकट कटने के बाद से लगातार तीस सालों से मालपुरा विधानसभा से कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड रहा है।

> ■ **मालपुरा को जिला बनाने की मांग को पूरा करने के लिए तथ्यात्मक दस्तावेजो की रिपोर्ट ज्ञापन के रूप मे सौंपी**

रियासत काल मे जिला बने मालपुरा में आजादी के बाद से एक-एक कर अपनी उपलब्धियां व पहचान खोने का क्रम शुरू हुआ जो कि आज भी जारी है। कदावर ब्राह्मण व स्थानीय नेता सुरेन्द्र व्यास को टिकट नही देने व पार्टी से निकाल देने के बाद से कांग्रेस के किसी भी प्रदेश स्तरीय नेता ने मालपुरा से कमजोर कांग्रेस को जीवित करने व कांग्रेस की परम्परागत सीट पर कांग्रेस का जीत का परचम लहराने के लिए कोई सार्थक प्रयास नही किया। इसी का परिणाम है कि मालपुरा मे पूर्णरूप से कांग्रेस संगठन व कार्यकर्ता निराश हो चुके है तथा तीस साल से पार्टी की हार देख रहै है।

कोर कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने डोगरा के बाद पुखराज पाराशर, निवाई विधायक प्रशांत बैरवा,पूर्व केन्द्रीय मंत्री नमोनारायण मीणा, युवा नेता सतवीर चौधरी सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं व आलाधिकारियो से मिल मालपुरा को जिला बनाने व कोर कमेटी से सीएम की वार्ता का समय निर्धारित करवाने की मांग की। मुख्यमंत्री आवास पर जिला बनाओं कोर कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव आरती डोगरा से मिल सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन।

## सिंचाई का पानी चोरी करने से रोकने पर फायरिंग

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले के नोहर में सिंचाई पानी चोरी रोकने का मना करने पर गोली चलने का मामला सामने आया हैं। मामला क्षेत्र के गांव रामसरा माईनर के 2 आरएमएस का हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जल उपयोक्ता संगम के पुत्र पृथ्वीपाल जांदू व एडवोकेट विकास 2 आरएमएस मोघे से गुजर रहे थे। तभी उन्होंने वहां सिंचाई पानी चोरी होता देखा तो उसकी विडियों व फोटो बनाई। इसी दौरान मौके पर मौजूद सिंचाई पानी चोरी कर रहे आठ-दस जनों ने पृथ्वीपाल व विकास पर फायरिंग कर दी। जिससे दोनों बाल-बाल बच गए। आरोपियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर विकास के मोबाइल में बनाई गई विडियो व फोटो भी डिलीट करवा दी। गोली चलने की सूचना पर फेफाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद भारी संख्या में किसान फेफाना पुलिस थाना पहुंचे। फेफाना पुलिस इसे सिंचाई थाने का मामला बताते हुये किसानों को सिंचाई थाना में मुकदमा दर्ज करने की बात कही। जिसके बाद भारी संख्या में किसान सिंचाई पुलिस थाना पहुंचे। सिंचाई पुलिस थाना के अधिकारियों ने केवल सिंचाई पानी चोरी का मामला दर्ज करने की बात कही। जिससे किसान आक्रोशित हो गए।

# हिस्ट्रीशीटर को हथियारों के साथ किया गिरफ्तार



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। सिंघाना पुलिस ने खेतड़ी थाने के हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर बदमाश अनिल उर्फ सुनिल गुर्जर निवासी चिरानी को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से तीन देशी कट्टे, एक रिवॉल्वर और चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए है।

बदमाश खेतड़ी के निजामपुर मोड़ पर एक विवादित जमीन पर कब्जा करने की योजना बनाकर निकला था। जिसे पुलिस ने दबोच लिया है। एसपी मृदुल कच्छावा ने गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया कि डीएसटी प्रभारी कल्याणसिंह तथा हैड कांस्टेबल शशिकांत शर्मा के पास सूचना आई थी कि एक बदमाश माकड़ो से सिंघाना की ओर पैदल ही आ रहा है। जिसे पास हथियार है।

जिस पर सिंघाना थाने के एसआई अभिलाषा जाब्ते के साथ माकड़ो रोड पहुंची और नाकाबंदी की। इस दौरान पैदल आ रहा चिरानी निवासी अनिल उर्फ सुनिल गुर्जर पुलिस को देखकर भागने लगा। लेकिन पुलिस ने पीछा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद कैरी बेग था। जिसकी तलाशी ली तो उसमें हथियार मिले। पुलिस ने अनिल उर्फ सुनिल चिरानी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि खेतड़ी के निजामपुर मोड़ पर एक विवादित जमीन पर कब्जा करने की नियत से वह हथियार लेकर आया था।

## फंदे पर लटका मिला बैंककर्मी का शव

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के रायसिंहनगर में युवक के फांसी लगाने का मामला सामने आया है। युवक वारदात से करीब तीन घंटे पहले घर से गायब हो गया था। इस दौरान उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ था। इसके बाद गांव 24 पीएस के पास नहर के किनारे एक पेड़ से फंदे पर लटका उसका शव मिला। ग्रामीणों ने जब पेड़ से शव लटका देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के परिजनों का पता लगाकर उन्हें शव सौंपा। युवक राजपाल (37) वार्ड बारह में किराए के मकान में रहता था। वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था। रविवार को सुबह वह किसी को बिना कुछ बताए घर से निकल गया। उसने अपना मोबाइल भी स्विच ऑफ कर लिया। युवक के देर तक नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। उसके दोस्तों के यहां पूछताछ की लेकिन युवक का कोई पता नहीं लगा। आसपास के लोगों ने उसे देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर मोर्चरी में रखवाया। उसके परिजनों की तलाश कर उन्हें जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में शव के पोस्टमार्टम की तैयारी की गई। युवक राजपाल एक प्राइवेट बैंक में काम करता था। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

# बिजली तार चोरी करने वाले चार गिरफ्तार



दूधवाखारा थाना पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर तारों से भरी एक पिकअप गाड़ी जब्त की।

**चूरू,** (कासं)। दूधवाखारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने 400 केवी बिजली लाईन के तार चोरी करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करके तारों से भरी एक पिकअप गाडी जब्त की है।

यहां जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना आई.पी.एस ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गत रात्रि को दौराने गश्त रोही गांव चलकोई से मुल्जिमान शिशराम पुत्र गोमद राम निवासी नरसीपुरा, पुलिस थाना दूधवाखारा जिला चूरू, सुमेर पुत्र भंवरलाल निवासी दूधवाखारा पुलिस थाना दूधवाखारा जिला चूरू, राजेश पुत्र मोहनाराम नायक निवासी चलकोई बणीरोतान, पुलिस थाना दूधवाखारा जिला चूरू और मुकेश पुत्र रावताराम नायक निवासी चलकोई बणीरोतान, पुलिस थाना दूधवाखारा जिला चूरू को गिरफ्तार कर एक पिकअप गाडी में चोरी किये गये तारों के 7 बंडल सहित जब्त किया जाकर विद्युत अधिनियम में मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है।

# अनाथ बच्चों को पढ़ाने के नाम पर करोड़ों की ठगी

**अलवर,** (निसं)। कोविड के बहाने कुछ लोगों द्वारा राजस्थान के कई जिलों में गरीब व अनाथ बच्चों को पढ़ाने के नाम पर करोडों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगी का मुख्य आरोपी सोमवार को किसी पुराने मामले में अलवर कोर्ट आया तो सदर थाना पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। एसपी ने मामले की जांच कर जल्दी एक्शन लेने की बात कही है।

> ■ **ठगी का मुख्य आरोपी पुराने मामले में अलवर कोर्ट आया तो पुलिस ने हिरासत में लिया**

पीड़ित पक्ष व उनके वकील के अनुसार रंजीत सहित कई लोगों ने एक कंपनी बनाकर अकेले राजस्थान से करीब 6 करोड़ और कई राज्यों से करीब 25 करोड रुपए ठगे हैं। हालांकि अभी इस मामले की पूरी जांच होगी। उसके बाद असलियत पता चलेगा। एक दिन पहले ही अलवर सदर थाना क्षेत्र के ठेकडा गांव निवासी अख्तरी पुत्र नब्बी खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रणजीत पुत्र श्याम प्रसाद निवासी मयूरविहार नोएडा, सोलजा शर्मा निवासी पंचशील नोएडा, श्रुति यादव निवासी दिल्ली, इतहजूतार निवासी एमपी, दशरथ सिंह जाट निवासी जटवाड़ा लक्ष्मणगढ़, राजेंद्र पुत्र नेकीराम निवासी झापरी कोटकासिम, रविंद्र धवन निवासी नमन होटल 200 फीट रोड अलवर ने मिलकर टीडीपीआई व लक्ष्मी देवी महिला मंडल ट्रस्ट के नाम से गरीब व विधवाओं के बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाने का प्लान बनाया था। इन्होंने अलवर, भरतपुर, दौसा व करौली सहित अन्य जगहों पर टीचर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, डिवीजन कोऑर्डिनेटर बनाए।

उनसे 500-500 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क बैंक खाते में जमा कराया। इसके बाद कहा कि गांवों में बच्चों को निशुल्क पढाएंगे। उनको ड्रेस व अन्य सामग्री भी मिलेगी। प्रति टीचर से 300 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया। इसके बाद स्कूल के बच्चों से 120 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया। मार्च 2022 से यह कार्यक्रम शुरू कर दिया। टीचर ने बच्चों को जोड़ा। स्कूल चालू कर दिए। 4 महीने तक कहते रहे जल्दी पूरा बजट आने वाला है। सितंबर 2022 में बोला सेंटर बंद कर दो। इसके बाद फरार हो गए।

## चूरू में अतिक्रमण हटाये

**चूरू,** (कासं)। संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन नगरपरिषद क्षेत्र चूरू में अतिक्रमण हटाने के लिए खुद मैदान में उतर गए। सोमवार को संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन चूरू के दौरे पर आए हुए थे। यहां संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन की नजर रेलवे स्टेशन के सामने से गुजरने वाली मुख्य सड़क पर हुए अतिक्रमण पर पड़ी तो वे अपनी गाड़ी से उतरकर अतिक्रमणकारियों को समझाने लगे। यहां अतिक्रमणकारियों ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन की बात को हल्के में लिया। उसके बाद तो देखते ही देखते पुलिस के उच्च अधिकारियों के जाप्ते आ गए। नगरपरिषद की ट्रेक्टर ट्रॉलियां आदि भी आ गई। संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन पूरे एक्शन में दिखाई दिए। रेलवे स्टेशन के सामने होटलों आदि के आगे से पुलिस की मौजूदगी में नगरपरिषद ने सामान भी जप्त किया। उसके बाद तो पुराना बस स्टेण्ड के पास से भी पुराने अतिक्रमण हटाए गए। अवैध रूप से बने चबुतरे आदि भी तोड़े गए। यहां लोगों ने संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की सराहना की।

# विहिप, बजरंग दल व हिंदूवादी संगठनों ने प्रदर्शन किया

## 'पी.एफ.आई. से बजरंग दल की तुलना पूर्णतया राष्ट्रिवरोधी'



झुंझुनूं में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी घोषणा पत्र में बजरंग दल को पीएफआई की तरह बताने और उस पर प्रतिबंध लगाने का लगातार विरोध जारी है।

झुंझुनूं में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और कांग्रेस को राष्ट्रिवरोधी पार्टी बताते हुए कांग्रेस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अशोक चौहान व बजरंग दल के जिला संयोजक जयराज स्वामी ने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें लिखा है कि बजरंग दल देश का एक ऐसा सामाजिक संगठन है। जो गायों की सेवा करता है। कोरोना में बजरंगियों ने जरूरतमंदों तक खाना पहुंचाया। इसके अलावा भी समय-समय पर सामाजिक सरोकार निभाता है। लेकिन कांग्रेस अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए ऐसे दल को पीएफआई के साथ जोड़कर आतंकवादी संगठन साबित करना चाह रही है। जिसे कोई भी राष्ट्रवादी स्वीकार नहीं करेगा।

# राहत कैम्प में पहले से लाभ ले रहे लोगों को परेशान कर रही है सरकार : राठौड़

## बजरंग दल पर बैन लगने के प्रश्न पर राड़ौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री की हिम्मत हो तो राजस्थान में बजरंग दल को बैन करके दिखाये

■ नेता प्रतिपक्ष विधानसभा राजेन्द्र राठौड़ ने पत्रकारों को संबोधित किया

**जालोर/सायला, (कासं)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि महंगाई राहत कैम्प के बैनर व होर्डिंग्स में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का फोटो छापा जा रहा है। यह कैम्प सरकार का है कि कांग्रेस पार्टी का, महंगाई राहत कैम्प के नाम पर पहले से लाभ रहे लोगों को कतारे में लगाकर परेशान किया जा रहा है। सरकार ने अपना पूरा कार्यकाल होटलों में सरकार बचाने में गंवाया है तथा चुनाव नजदीक आने पर सरकार को राहत देने की बात याद है। यह केवल चुनावी घोषणाएं से लोगों को लुभाने का प्रयास कर रहे है। लेकिन जनता सब जानती है आगामी चुनाव में कांग्रेस को इसका सबक सिखायेगी। नेता प्रतिपक्ष विधानसभा राजेन्द्र राठौड़ सोमवार को जालोर के ग्रेनाइट एसोसिएशन भवन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आबूरोड़ दौरे को लेकर राठौड जालोर पहुंचे, जहां भाजपा के अलग-अलग मंडलों की बैठक लेने के बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने राज्य सरकार पर कई प्रकार के गंभीर आरोप लगाए।

राठौड़ ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पिछले बजट को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार काफी कर्जा ले चुकी है। कांग्रेस सरकार ने केवल चुनावी घोषणाएं की है। घोषणा पूरी होने वाली नही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि उनकी सरकार को गिराने में केन्द्रीय मंत्रियों की भूमिका थी। पैसे लोटाने की बात कह रहे है। गृह, वित्त, पुलिस स्वयं मुख्यमंत्री के पास है। यदि उनके पास कोई सबूत होते जनता के सामने लगाये। उनकी सरकार संकट में आई थी। तब दो दो होटलों में पूरी सरकार बंद थी, एक मानेसर में व दूसरे जैसलमेर में। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री अपना पूरा कार्यकाल सरकार बचाने में गवा चुके है। उनके स्वयं के लोग उनकी खिलाफत करते है। सरकार गिराने के दरम्यिान चार एफआईआर दर्ज की गई थी।

चारों एफआईआर में आरोप लगाया था कि पैसों का लेनदेन हुआ है। पुलिस उनकी है, कार्यवाही क्यों नहीं की। वही राजे से बात हुई है उसका कोई प्रमाण है हमारे नेताओं पर आक्षेप लगाकर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। राठौड़ ने कहा कि आलाकमान का दूत बनकर आये पदाधिकारियों को उनके मंत्री ठेंगा दिखा गये। त्याग पत्र को लेकर मौन धारण किये हुए है। उनके गृह जिले में कई बार साम्प्रदायिक माहौल खराब हुआ।

बजरंग दल पर बैन लगने के प्रश्न पर कहा कि मुख्यमंत्री की हिम्मत हो तो राजस्थान में बजरंग दल को बैन करके दिखाये। महंगाई राहत कैम्प में गैस की टंकी पर पांच सौ रूपये की सब्सिडी देने के प्रश्न पर कहा कि यह केवल थोथी घोषणा की जा रही है। गैस टंकी एक बार मिलेगी फिर बंद हो जायेगी। केवल चुनावी वर्ष के चलते लोगो का बेवकुफ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जालौर में सरकारी धन की लूट मची हुई है, विकास के नाम पर यहां लूट की जा रही है। उन्होंने कहा कि गहलोत की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर जिस प्रकार से कलंकित करने का आरोप लगाया गया है, वे बेबुनियाद है। अगर गहलोत के पास कोई प्रमाण है तो वो इस संबंधित मामला दर्ज करवाएं। इस दौरान जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव, आहोर के पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित मौजूद थे।

वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आबूरोड़ दौरे के निमित भाजपा विधानसभा क्षेत्र जालोर के सायला, पोषाणा व जीवाणा मंडल की बैठक का राजस्थान नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड के मुख्य आतिथ्य एवं जिला संगठन प्रभारी महेंद्र बोहरा, जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग की उपस्थिति में जैन धर्मशाला पोषाणा में आयोजन हुआ। बैठक में राजेंद्र राठौड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ समय पहले आबूरोड में जनता से वादा किया था कि वो शीघ्र ही आबूरोड में जनता से मिलने आएंगे। इसी वादे को निभाने के लिए प्रधानमंत्री आबूरोड आ रहे है।

जिला प्रभारी महेंद्र बोहरा ने कहा कि 10 मई को आबूरोड की जनसभा में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को लेकर जाना है। राज्य की भ्रष्ट निक्कमी सरकार के खिलाड़ लोगो में भारी आक्रोश है। महामंत्री रमेश गर्ग पोषाणा ने सभी आगन्तुक कार्यकर्ताओं का व श्री जैन संघ का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, खेमराज देसाई, जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, हरीश राणावत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्रसिंह सिसोदिया, दीपसिंह धनानी, मंजू सोलंकी, भुरसिह देवकी, सुशील सेन, डिम्पलसिह चौहान, डॉ. मंजू मेघवाल, शंकर भादरू, बजरंगसिंह राठौड, वरदसिंह पांथेडी, सायला अध्यक्ष नैनमल लखारा, पोषाणा अध्यक्ष उदयसिंह दादाल, दीपक राव सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खड़े ट्रक को पीछे से सवारी गाड़ी ने टक्कर मारी, चार की मौत

■ आठ लोगों का उपचार जारी है, सभी लोग पाली के मानपुर भाकरी के रहने वाले हैं

**पाली, (निसं)।** आबूरोड में पाली की सवारी गाड़ी के भीषण हादसे में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर चार हो गया है। हादसा सिरोही के आबू रोड रीको थाना क्षेत्र में चंद्रावती कट के पास हुआ। यहां सड़क पर खड़े एक ट्रक को पीछे से सवारी गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे के वक्त गाड़ी में दो परिवार के कुल 12 लोग सवार थे। इनमें से चार की मौत हो गई। दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हुई थी और दो की उपचार के दौरान मौत हो गई। आठ लोगो का उपचार जारी है।

रीको थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि हादसे में तलसाराम (60) पुत्र बालु निवासी मानपुरा भाकरी और शनु (35) पत्नी कालु निवासी मानपुरा भाकरी की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, पिक्की (40) पत्नी सुरेश और बुदाराम ( 48 ) पुत्र पुनाराम की जिला अस्पताल ले जाते मौत हो गई। वहीं हादसे में चम्बा बैन (40) पत्नी भूराराम, कल्या (35) पत्नी लक्ष्मण, कमला (40) पत्नी मांगीलाल, इंद्रा (30) पत्नी बगदाराम, प्यारी देवी (50) पत्नी कुनाराम, सुकी बाई (60) पत्नी शिवजी, बाबूराम (48) पुत्र सवाराम (ड्राइवर), लक्ष्मण (50) पुत्र बुदाराम ड्राइवर समेत घायल 10 लोगों आबूरोड के अस्पताल में भर्ती कराया गया सभी लोग पाली जिले के सदर थाना क्षेत्र में मानपुर भाकरी के रहने वाले है। हादसे के बाद घायलों और मृतक परिवार के सदस्य भी सिरोही पहुंचे।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**सूरतगढ़, (निसं)।** सर्किल के राजियासर पुलिस थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। यही नहीं थाना में दिए गए परिवाद में आरोपियों पर दुष्कर्म का वीडियो बनाने का भी आरोप लगाया गया है। मामला करीब छह महीने पुराना है जिसका वीडियो अब सामने आने पर राजियासर थाना में परिजनों की ओर से तीन युवकों व एक महिला के खिलाफ नामजद मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की मां की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि उसकी साढ़े 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ रज्जाक, अंग्रेज खान और तालब हुसैन ने दुष्कर्म किया।


**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2023-24/35-37 Date: 05-05-2023

**ई-निविदा सूचना संख्या : 07/2023-24**

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 263.12 लाख (11 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | : | 09-05-2023 को प्रातः 10.00 बजे से 19-05-2023 को सांय : 6.00 बजे तक |
| Online EMD Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 09-05-2023 को प्रातः 10.00 बजे से 19-05-2023 को सांय : 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 23-05-2023 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN: ITU2324WSOB00079, ITU2324WSOB00080, ITU2324WSOB00081, ITU2324WSOB00082, ITU2324WSOB00083, ITU2324WSOB00084, ITU2324WSOB00085, ITU2324WSOB00086, ITU2324WSOB00087, ITU2324WSOB00088, ITU2324WSOB00089

अधिशाषी अभियन्ता-प्रथम नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर



प्ररूप-10 (नियम 6(7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**

क्रमांक-नपासा/2023/420 **लोक सूचना** दिनांक-08.05.2023

श्रीमती सुशीला वर्मा पत्नी श्री राम कृष्ण वर्मा जाति कुमावत निवासी जानकी विहार कॉलोनी, कॉलेज रोड, सांभर लेक तहसील फुलेरा जिला जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| क्र.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | सांभर लेक | 2541/2522 | कुल रकबा 0.1391 हैक्टयर | रकबा 0.1391 हैक्टयर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रूपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 08.05.2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका मण्डल सांभर लेक


# 'उपचुनावों के परिणामों ने साबित किया कि गहलोत सरकार की उलटी गिनती शुरू'

## चुनाव परिणाम से साबित हुआ की जनता ने कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार व जंगलराज के विरूद्ध बिगुल बजा दिया : सी.पी. जोशी

■ 'निकाय उपचुनावों में भाजपा का परचम मोदीजी के विकास की राह पर राजस्थान का मतदाता'

■ 'राजस्थान में हुए स्थानीय निकाय उपचुनाव में जो परिणाम सामने आए हैं वो बताते हैं कि कांग्रेस की सरकार से लोगों का भरोसा उठ गया है'

■ निकाय उपचुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है, अकेली भाजपा को 8 सीटों पर विजय मिली है

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर हुए नगर निकाय उपचुनाव में विजयी भाजपा प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी और मतदाताओं का सहृदय आभार जताया। प्रदेश अध्यक्ष जोशी ने कहा राजस्थान में भाजपा पर जनता का विश्वास फिर से साबित हो रहा है। कांग्रेस शासन की गैर वाजिब नीतियों व अंदरूनी कलह ने एक बार फिर से सरकार की पोल खोलकर रख दी है। राजस्थान में हुए स्थानीय निकाय उपचुनाव में जो परिणाम सामने आए हैं वो बताते हैं कि कांग्रेस की सरकार से लोगों का भरोसा उठ गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास का विजन पर अब अन्य राज्यों के बाद राजस्थान की जनता भी ठप्पा लगाना चाहती है। यही कारण है कि इन चुनावों में कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है।

सी.पी. जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भले ही कितने ही वादे और दावे करें, लेकिन वास्तविकता अब साफ नजर आने लगी है। अब तक वे अपनी जिस जादूगरी के दम पर सरकार वापसी की बातें कह रहे हैं, वे फेल होती नजर आ रही है। कांग्रेस अपनी अंदरूनी कलह से ही नहीं उभर पा रही है। ऐसे में राजस्थान का विकास ठप पड़ा है, सरकार अपनी कुर्सी की लड़ाई में व्यस्त है। साफ लग रहा है कि उनकी बातें और जादूगरी केवल बातें ही हैं, धरातल पर कुछ नहीं है। नगर निकाय उपचुनावों के परिणामों ने साबित कर दिया गहलोत सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है। निकाय उपचुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है, कुल 14 सीटों में से अकेली भाजपा को 8 सीटों पर विजय मिली है, कांग्रेस मात्र चार सीटों पर ही सिमट गई। यह 2023 के विधानसभा चुनावों का रूझान है।

जोशी ने कहा कांग्रेस के मौजूदा कार्यकाल में आमजन त्रस्त है। ऐसे में राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताया हैं। एक बार फिर से लोग राजस्थान को विकास की राह पर आगे बढ़ते देखना चाहते है। भ्रष्टाचार, कुशासन और जंगलराज जैसी बातों से लोगों का मन अब ऊब चुका है। आमजन सहज, सरल और ईमानदार सरकार चाहता हैं। आमजन का कहना है कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से लोगों को चयन और पदभार दिया जाता है, वहीं कांग्रेस में परिवारवाद घर कर चुका है।

# सुजानगढ़ के पार्षद उपचुनाव में कांग्रेस चार नम्बर पर फिसली

## निर्दलीय रेवन्तमल ने भाजपा के प्रत्याशी को हराया

■ भाजपा की हार व कांग्रेस को चार नम्बर पर धकलने की रही चर्चा

■ आर.एल.पी. वार्ड के उपचुनाव में तीसरे नम्बर पर रही

**सुजानगढ़, (निसं)।** वार्ड 47 में पार्षद पद के लिए हुए चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़े रेवन्तमल पंवार ने भाजपा के प्रत्याशी गंगाधर लाखन को 256 मतों से हराकर विजय हासिल की। रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लूणियां ने बताया किचुनाव में निर्दलीय रेवन्तमल पंवार को 458, भाजपा के गंगाधर लाखन को 202, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के रतनलाल नायक को 190, कांग्रेस की पुष्पादेवी को 181, निर्दलीय अरविन्द सामरिया को 70 मत मिले हैं तथा सात जनों ने नोटा को पसंद किया है।

मतगणना के पश्चात रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लूणियां ने नवनिर्वाचित पार्षद रेवन्त पंवार को शपथ दिलाई तथा विजयी प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान तहसीलदार प्रवीण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रामप्रताप विश्नोई उपस्थित रहे। इसके बाद पुलिस ने नवनिर्वाचित पार्षद रेवन्त पंवार को उनके घर छोड़ा। वार्ड 47 में हुए उपचुनाव में भाजपा के हारने की चर्चा रही। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि वार्ड 47 कट्टर भाजपा वार्ड माना जाता है। यहां से भाजपा के हारने का कारण भाजपा के नेताओं द्वारा प्रत्याशी का गलत चयन होने का कारण बता रहे हैं। वहीं सत्ता में आसीन कांग्रेस पार्टी के चौथे नम्बर की चर्चा भी खूब गर्म रही। नगरपरिषद की सभापति नीलोफर गौरी, उपसभापति अमित मारोठिया, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी सहित कांग्रेस के तीस से ज्यादा पार्षदों की लंबी फौज कांग्रेस को दूसरे स्थान पर नहीं ला पाई। वहीं आरएलपी वार्ड के उपचुनाव में तीसरे नम्बर पर रही। आरएलपी के तीसरे नम्बर पर आने पर लोगों का कहना है कि आरएलपी शहर में भी अब भाजपा-कांग्रेस के वोटों में सेंध लगा रही है। पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप के कांग्रेस छोड आरएलपी में जाने के कारण कांग्रेस को चौथे नम्बर पर जाना पड़ा। कई लोग इस हार का कारण सुजला जिला नहीं बनाने को भी मान रहे हैं। लेकिन वार्डवासियों का कहना है कि रेवन्तमल वार्ड के सबसे प्रसिद्ध प्रत्याशियों में से एक थे। जिन्होनें भाजपा से टिकट मांगी थी। लेकिन भाजपा ने टिकट काट दी थी। जिस कारण उनके साथ वार्डवासियों की भावना और जुड गयी। रेवन्तमल ने कहा कि वार्ड की जनता ने उन्हें नगरपरिषद की टिकट देकर भेज दिया है। अब वे वार्ड में विकास कार्य करवाने का प्रयास करेंगे।


| योजना का शुभारंभ | वीआरबी ड्रीम होम्स प्रा.लिमिटेड | आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 10.05.2023 | | 24.05.2023 |

आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं अल्प आय वर्ग के लिए भूखण्डों का विकासकर्ता द्वारा लॉटरी से आवंटन की सूचना

परिवार की प्रतिवर्ष सकल आय सीमा तथा आवंटन दर प्रति वर्गमीटर नगरीय विकास विभाग की अधिसूचना दि. 16.09.2019 के अनुसार रहेगी। सकल आय, आवंटन दर प्रति वर्गमीटर एवं पंजीकरण राशि प्रति भूखण्ड (रूपये) निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | योजना व ग्राम का नाम | रेरा क्रमांक | जोन संख्या | आरक्षित दर रू. प्रति वर्गमीटर | 45 वर्गमीटर तक के भूखण्डों की संख्या | 45-75 वर्गमीटर तक के भूखण्डों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वी.आर.बी. स्पार्कल ग्राम महासिंहपुरा उर्फ कपूरवाला | RAJ/P/2023/2372 (rera.rajasthan.gov.in) | 11 | 6000 | 41 | 42 |
| 2 | परिवार की प्रतिवर्ष सकल आय सीमा (रूपये में) | | | | EWS-A 3,00,000 तक | LIG-B 3,00,001 से 6,00,000 तक |
| 3 | आवंटन दर प्रति वर्गमीटर | | | | आरक्षित दर का 50% दर पर | आरक्षित दर का 80% दर पर |
| 4 | पंजीकरण राशि प्रति भूखण्ड (रूपये में) | | | | 10,000/- | 20,000/- |
| 5 | आवेदनकर्ताओं की सूची का प्रकाशन | | | | दिनांक 26.05.2023 | |
| 6 | आवेदनकर्ताओं द्वारा वेबसाइट, कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि | | | | दिनांक 29.05.2023 से दि. 30.05.2023 तक | |
| 7 | प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण की दिनांक | | | | दिनांक 01.06.2023 | |
| 8 | प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण पर लिये गये निर्णय के प्रकाशन की दिनांक | | | | दिनांक 05.06.2023 | |
| 9 | पत्र आवेदकों की लॉटरी तिथि, समय एवं स्थान | | | | दिनांक 07.06.2023 समय दोपहर 2 बजे से, कार्यालय प्लॉट नं. 29, क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे, मान्यावास, मानसरोवर जयपुर | |

नोट: योजना से संबंधित अधिक जानकारी नियम व शर्तें आवेदन फार्म इत्यादि वेबसाइट http://vrbamb.arustupvt.com या कार्यालय प्लाट नं. 29, श्रीराम विहार विस्तार, बाबा क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे, मान्यावास मानसरोवर, जयपुर से प्राप्त की जा सकती है।

विकासकर्ता



**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20 **शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित खुली **निविदा सूचना संख्याः जीएसयू-जेपी-ईल-एबीएसएस-2023-24-04 (NIT-26.04.2023)** जो कि दिनांक 22.05.2023 को खोली जानी है में निम्नलिखित संशोधन किये जाते हैं:- **कार्य का नाम** : टीआरडी वर्क इन कनेक्शन विथ प्रपोज्ड़ एफओबी (फुट ओवर ब्रिज) एण्ड/ऑर हाई लेवल प्लेटफार्मस् एट रेवाड़ी, खैरथल, अलवर, राजगढ़, बांदीकुई, दौसा, आसलपुर जोबनेर, फुलेरा, नरैना, नीम का थाना, रींगस, सीकर एण्ड झुन्झुनु स्टेशनस् ऑवर जयपुर डीविजन अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम।

| क्रम संख्या | पूर्व में जारी विज्ञप्ति (NIT-26.04.2023) | संशोधित विज्ञप्ति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य पूर्ण होने की अवधि – 08 माह | कार्य पूर्ण होने की संशोधित अवधि – 05 माह | कार्य पूर्ण होने की अवधि को IREPS पर अपडेट कर दिया गया है। |
| 2. | स्पेशल कंडीशन ऑफ कान्ट्रेक्ट | स्पेशल कंडीशन ऑफ कान्ट्रेक्ट के पैरा "B" के आइटम नं. -12.0 एवं 13.0 में संशोधन किया गया है। | संशोधित स्पेशल कंडीशन ऑफ कान्ट्रेक्ट डाक्यूमेंट अपलोड कर दिया गया है। |

अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (टीआरडी एंड जीएसयू)-जयपुर

490-DG/23


# 'दुनिया में बढ़ रही है आयुर्वेद की महत्ता'

■ केशव विद्यापीठ जामडोली में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री ने आयुर्वेदिक अस्पताल और पंचकर्म केन्द्र का उद्घाटन किया

**जयपुर, (का.सं.)।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि दुनियाभर में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की महत्ता बढ़ रही है। कोरोना जैसी आपदा के बाद पूरी दुनिया ने इस पद्धति की उपयोगिता को समझ लिया है। अब आयुर्वेद को भी बदले समय के अनुरूप में वैज्ञानिक शोध और क्लीनिकल ट्रायल पर जोर देना चाहिए। शेखावत सोमवार को जामडोली के केशव विद्यापीठ में नवनिर्मित आयुर्वेदिक अस्पताल और पंचकर्म केन्द्र के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथ के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अस्पताल का संचालन भगवान लाल रामलाल रावत इंडोस्विस चेरिटेबल अस्पताल की ओर से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत की सदियों पुरानी आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति अब पूरे विश्व में फिर से प्रसिद्ध हो रही है। हमारे ऋषियों के अनुभूत ज्ञान से उत्पन्न इस चिकित्सा परम्परा का कालांतर में राज्याश्रय नहीं मिलने के कारण पराभव हो गया था। बाद में 800 साल के गुलामी के दौर में भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया। शेखावत ने कहा कि अंग्रेजों के समय एलोपैथिक मेडिकल सिस्टम प्रचलित हो गया। इस कारण धीरे-धीरे यह अलोकप्रिय हो गई। दुर्भाग्य से आजादी के बाद में भी जिस तरीके की प्राथमिकता आयुर्वेद और अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धितयों को दी जानी चाहिए थी, वह नहीं दी गई। आजादी के बाद की सरकारों की मानसिकता और प्राथमिकता दोनों ही भारतीय चिकित्सा पद्धितयों के लिए नहीं थी। इस कारण आयुर्वेद और भारतीय ज्ञान की अन्य विधाएं विकसित नहीं हो पाई। शेखावत ने कहा कि अब यह समय की मांग है कि भारत की महत्ता को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय मूल्यों को आगे बढ़ाया जाए। मुझे उम्मीद है कि यह अस्पताल भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपना योगदान दे सकेगा।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्ग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27879145 एवं 27927110 | गृह ऋण | 1. दीपेन्द्र कुमार 2. पतासी देवी | 26.04.2023 | 23,47,935.05/- | फ्लैट नं. 2 (यूनिय नं. एफ-2), क्षेत्रफल 950 वर्गफिट, पहली मंजिल, "विनायक रेजीडेन्सी" प्लाट नं. 99, स्कीम शिव विहार-ए बी, ग्राम लालारपुरा, गाँधी पथ पश्चिम, जयपुर, राजस्थान-302021 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है-पूर्व-प्लाट नं. 96, पश्चिम-प्लाट नं. 100, उत्तर-रोड 30 फिट चौडी, दक्षिण-अन्य भूमि |
| 2 | 37370467 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. जितेन्द्र वशिष्ठ 2. सुरेन्द्र कुमार शर्मा 3. कुर्तीवालाज | 29.04.2023 | 23,59,093.28/- | प्लाट नं. 24ए एवं 28ए का पूरा व प्रत्येक भाग, प्लाट नं. 24ए क्षेत्रफल 71.84 वर्गगज, प्लाट नं. 28ए क्षेत्रफल 53.12 वर्ग, कुल क्षेत्रफल 1124.64 वर्ग फिट अथवा 124.96 वर्गगज, गणेश नगर-II, मुरलीपुरा स्कीम के पास, जयपुर, राजस्थान-302039 और सीमाये है- प्लाट नं. 24ए, पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-आम रास्ता 30 फिट चौड़ा, उत्तर-प्लाट नं. 24, दक्षिण-अन्य सम्पत्ति, प्लाट नं. 28ए, पूर्व-अन्य सम्पत्ति, पश्चिम-प्लाट नं. 28, उत्तर-आम रास्ता 30 फिट चौड़ा, दक्षिण-प्लाट नं. 85 |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

दिनांक- 09.05.2023
स्थान- जयपुर

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)


# 'भगवान धरणीधर के दिखाए रास्ते पर चलकर समृद्धि ला रहा है धाकड़ समाज'

## मांडकला गांव में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए स्पीकर बिरला

**चौरु, उनियारा, नगरफोर्ट, (निसं)।** छोटा पुष्कर कहे जाने वाले टोंक जिले के मांडकला गांव में सोमवार को धर्म और आध्यात्म की सरिता प्रवाहमान हुई। भगवान धरणीधर की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशाल जनसमुदाय उमड़ा। कार्यक्रम के दौरान भगवान धरणीधर को नमन करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उनके शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए धाकड़ समाज सेवा और कल्याण के पथ को समृद्ध कर रहा है।




कार्यक्रम में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वरिष्ठ समाजसेविका साधना सिंह, धाकड़ समाज के अध्यक्ष तथा सांसद रोड़ूमल नागर, सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने भगवान धरणीधर के प्राण प्रतिष्ठ समारोह में भाग लिया। इसके बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए स्पीकर बिरला ने कहा कि समाजबंधुओं के सामूहिक प्रयासों से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है जो भारतीय संस्कृति के साथ आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि भगवान धरणीधर ने विश्व के कल्याण और मानव के उत्थान के कार्यों को नई दिशा दी। उनकी शिक्षाओं पर चलते हुए "धरतीपुत्र" धाकड़ समाज, देश के अन्न भण्डार भरने, हरित भारत के निर्माण करने तथा सीमाओं की रक्षा में अग्रणी योगदान दे रहा है। बिरला ने कहा कि धाकड़ समाज के लोगों ने मेहनत और परिश्रम के साथ सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर पूरे विश्व में अपना मुकाम बनाया है। समाज के लोग जहां भी रहते हैं सेवा और कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आधुनिक खेती को प्रोत्साहित करते हुए अन्य किसानों का मार्गदर्शन करने में भी धाकड़ समाज ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह मंदिर अब धाकड़ समाज ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हुए उन्हें देश के प्रति सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की प्रेरणा बनेगा।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये मध्यप्रदेश का मामा, राजस्थान का भी मामा है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण समिति व आयोजन समिति ने मंदिर नहीं श्रद्धा का मंदिर बनाया है। धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान धरणीधर महाराज शेषनाग के अवतार हैं। धाकड़ समाज के आराध्य देव हैं गणेश भगवान का शस्त्र हाल है । इसी प्रकार उन्हें हलदर कहा जाता है। उन्हें की प्रेरणा से धाकड़ छत्रिय कहलाते हैं। जब देश को जरूरत पड़ते हैं तो धाकड़ समाज हल चलाकर अन्य पैदा कर देश का अन्न भंडार भरते हैं । आजादी की लड़ाई में भी धाकड़ समाज का भरपूर सहयोग रहा है।




'मैं अपनी टीम के लिए जो करने की कोशिश कर रहा हूं उस यात्रा के दौरान 7000 रन सिर्फ एक और उपलब्धि है। जब आप अपनी टीम के लिए कुछ करने की कोशिश करते हैं तो यह एक अच्छा नंबर होता है।'' - विराट कोहली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बल्लेबाज, आईपीएल में 7 हजार रन बनाने पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▸** **शिखर धवन**



पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन आईपीएल 2023 में अच्छे टच में हैं। उन्होंने एक बार फिर टिककर बल्लेबाजी की और अर्धशतक ठोका। उन्होंने 16वें सीजन के 53वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 47 गेंदों में 57 रन बनाए। धवन ने 9 चौके और 1 छक्का ठोका। उन्होंने इस दौरान एक बड़ा कारनामा अंजाम दिया। दरअसल, धवन के आईपीएल करियर की यह 50वीं फिफ्टी है। वह इसी के साथ विराट कोहली और डेविड वॉर्नर के बेहद खास क्लब में शामिल हो गए हैं। बता दें कि धवन आईपीएल में 50 अर्धशतक कंप्लीट करने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल में पहला गोल फ्रांस के लुइस लारेंट ने मैक्सिको विरुद्ध 1930 में किया था।

# केकेआर प्लेऑफ की रेस में बरकरार, आखिरी गेंद की जीत में चमके रिंकु

कोलकाता, 8 मई । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान नीतीश राणा (51) के शानदार अर्द्धशतक के बाद आंद्रे रसल की 42 रन की आतिशी पारी की बदौलत सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच से भरे मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से मात दी।

पंजाब ने शिखर धवन (57) के अर्द्धशतक की मदद से केकेआर के सामने 180 रन का लक्ष्य रखा। केकेआर ने करो या मरो मुकाबले में यह लक्ष्य आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया।

धवन ने 47 गेंद पर नौ चौकों और एक छक्के के साथ 57 रन बनाकर पंजाब को अच्छी शुरुआत दी, जबकि शाहरुख खान और हरप्रीत बराड ने आखिरी 16 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी करके पंजाब की पारी को विस्फोटक अंत दिया।

केकेआर के कप्तान नीतीश ने 38 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 51 रन बनाये, हालांकि उनका विकेट गिरने के बाद भी केकेआर लक्ष्य से काफी दूर थी। केकेआर को जब चार ओवर में 51 रन चाहिये थे तब रसल ने रिंकु सिंह के साथ मिलकर ईडन गार्डन का पारा बढा दिया। दोनों ने अगले तीन ओवरों में 45 रन जोडे, लेकिन केकेआर को जब दो गेंद पर दो रन की जरूरत थी तब रसल रनआउट हो गये। आखिरी गेंद पर दो रन बनाने की जिम्मेदारी रिंकु की थी और उन्होंने चौका जडकर केकेआर को



रोमांचक जीत दिला दी।केकेआर इस जीत के बाद अंक तालिका में छलांग लगाकर पांचवें स्थान पर आ गयी है, जबकि पंजाब एक पायदान फिसलकर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। केकेआर और पंजाब सहित कुल पांच टीमें तालिका में 10 अंकों के साथ हैं और प्लेऑफ की जंग रोमांचक होती जा रही है। पंजाब ने लक्ष्य की रक्षा करते हुए शुरुआती दो ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की, लेकिन तीसरे ओवर में जेसन रॉय ने दो चौकों के साथ हाथ खोल लिये। दूसरे छोर से रहमानुल्लाह गुरबाज़ ने भी अर्शदीप सिंह को एक चौका और एक छक्का लगाकर चौथे ओवर में 19 रन बटोरे। केकेआर ने इस आक्रामक अंदाज की मदद से गुरबाज़ का विकेट गिरने के बावजूद पावरप्ले में 52 रन जोड लिये। पावरप्ले के बाद हालांकि रॉय (24 गेंद, आठ चौके, 38 रन) भी पवेलियन लौट गये और नीतीश राणा के प्रयासों के बावजूद केकेआर आवश्यक रनगति बरकरार नहीं रख सकी। वेंकटेश अय्यर (13 गेंद, 11 रन) कुछ देर संघर्ष करने के बाद राहुल चाहर की गेंद पर आउट हुए। बढते रनरेट के कारण नीतीश भी बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में चाहर का शिकार हो गये। चाहर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए अपना चार ओवर का स्पेल मात्र 23 रन देकर समाप्त किया।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये 20 सदस्यीय टीम घोषित

नयी दिल्ली, 8 मई। हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 18 मई से होने वाली तीन मैचों की शृंखला के लिये 20 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम की घोषणा सोमवार को की। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी दो मैच खेलेगी। यह दौरा हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों से पहले टीम की तैयारियों का हिस्सा होगी। भारतीय टीम का नेतृत्व अग्रणी गोलकीपर सविता पूनिया करेंगी, जिन्हें हाल ही में साल की सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। दीप ठोस एक्का बतौर उप-कप्तान उनका साथ निभाएंगी। बिछु देवी खारीबम टीम की दूसरी गोलकीपर हैं, जबकि दीप ठोस एक्का के अलावा निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और गुरजीत कौर को बतौर डिफेंडर टीम में शामिल किया गया है। निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर भारतीय टीम की मिडफील्डर होंगी। वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी और शर्मीला देवी टीम की फॉरवर्ड पंक्ति संभालेंगी। भारतीय टीम की मुख्य कोच जैनेक शॉपमैन ने टीम चयन पर कहा, ''हम दो गहन प्रशिक्षण ब्लॉकों के बाद फिर से अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं।

# पाकिस्तान में नहीं होगा एशिया कप

यी दिल्ली, आठ मई एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने पाकिस्तान को बड़ा झटका देते हुए सोमवार को एशिया कप को इस देश से बाहर ले जाने का फैसला किया क्योंकि पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के 'हाइब्रिड मॉडल' पर टूर्नामेंट की मेजबानी करने के प्रस्ताव को सदस्य देशों ने खारिज कर दिया । सितंबर के महीने में संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक उमस भरी परिस्थितियों में खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावना को देखते हुए श्रीलंका छह देशों के टूर्नामेंट की मेजबानी करने के मामले में सबसे आगे है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस अनदेखी के बाद पाकिस्तान दो से 17 सितंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेगा या नहीं। बीसीसीआई द्वारा दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण भारतीय टीम को पडोसी देश में भेजने से इनकार करने के बाद पीसीबी को एक विकल्प का प्रस्ताव देने के लिए मजबूर होना पडा। पीसीबी ने हालांकि अभी उम्मीदें नहीं छोडी है। मंगलवार को इस मामले पर फिर चर्चा हो सकती है और पीसीबी को उम्मीद है कि सदस्यों का विचार बदल सकता है। पीसीबी ने 'हाईब्रिड मॉडल' का प्रस्ताव दिया था जिसमें भारत अपने मैच यूएई में खेले जबकि पाकिस्तान अपने मैचों की मेजबानी घरेलू धरती पर करेगा। एसीसी के सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' नजम सेठी (पीसीबी अध्यक्ष) इस मामले पर समर्थन हासिल करने के लिए आज दुबई में थे लेकिन उनके प्रस्ताव का किसी ने समर्थन नहीं किया। उन्होंने भारत के मैचों के अलावा सभी मुकाबलों के लिए पाकिस्तान के कराची या लाहौर का विकल्प दिया था। श्रीलंका हमेशा बीसीसीआई के साथ था और अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भी सेठी के इस प्रस्ताव का विरोध किया। '' उन्होंने कहा, '' एसीसी ने हमेशा कहा है कि 'हाइब्रिड मॉडल' सैद्धांतिक रूप में अस्वीकार्य है और इसके लिए बजट पारित नहीं हो सकता है।'' उन्होंने कहा, '' यह सिर्फ पाकिस्तान की मेजबानी के बारे में नहीं है। भारत और पाकिस्तान एक ठ्रुप में है और ऐसे में तीसरी टीम को दुबई और पाकिस्तान के किसी शहर के बीच यात्रा करनी होगी। पाकिस्तान ने हाल ही में देश में सुरक्षा इंतजामों की बढ़ती लागत को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग के मैचों को यूएई में कराने का फैसला किया।

## कप्तान के तौर पर रोहित की चुनौतियां बढ गयी हैं : शास्त्री

नयी दिल्ली, 8 मई । भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना मुंबई इंडियन्स के कप्तान रोहित शर्मा की चुनौतियां दो साल पहले की तुलना में दोगुनी हो गयी हैं।

शास्त्री ने आईपीएल में रोहित की कप्तानी को लेकर ईएसपीएन क्रिकइन्फो के एक कार्यक्रम पर कहा, ''आपके पास दो या तीन साल पहले जो संसाधन थे वह अब नहीं हैं। एक कप्तान के रूप में उनकी चुनौतियां दोगुनी हो गयी होंगी। दो साल पहले उनके लिये चीजें काफी अच्छी थीं, बस मैदान पर जाओ और अपना काम करो।''

उन्होंने कहा, ''फिर चुनौती आती है कि आप उन्हें (टीम) को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। आप अपने दल को कैसे प्रेरित करते हैं, आप एक संयोजन कैसे बनाते हैं। आपको देखना होता है कि खेल के एक निश्चित हिस्से में कौनसा खिलाड़ी सही बैठता है।'' उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों में मुंबई को रिटायरमेंट एवं अन्य कारणों से कई महत्वपूर्ण खिलाडियों को अलविदा कहना पड़ा है। आईपीएल में दो नयी टीमें आने के बाद हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या क्रमशः गुजरात और लखनऊ की टीमों में चले गये।

## एशियाई चैंपियनशिप ग्रुप बी में अजीत ने हासिल किया पहला स्थान

जिंजु (दक्षिण कोरिया), 8 मई । भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और अचिंता श्युली सोमवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 73 किग्रा स्पर्धा के ग्रुप बी में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे अजीत ने कुल 307 किग्रा (139 किग्रा 168 किग्रा) भार उठाया, जबकि अचिंता ने 305 किग्रा (140 किग्रा 165 किग्रा) भार उठाया। दोनों भारोत्तोलकों को उनके प्रवेश भार के आधार पर ठ्रुप बी सौंपा गया था। उच्चतम प्रवेश भार दर्ज करने वाले भारोत्तोलकों को समूह-ए में रखा जाता है। इसी तरह अन्य भारोत्तोलकों को क्रमशः ग्रुप-बी, ग्रुप-सी आदि में रखा जाता है।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अजीत ने अपने शुरूआती दो स्नैच प्रयासों में 135 किग्रा और 139 किग्रा भार उठाया, लेकिन 141 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में वह असफल रहे। इसी तरह उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 164 किग्रा और 168 किग्रा आसानी से उठा लिया, लेकिन 171 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में वह लड़खड़ा गये।

इसी बीच, 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्युली ने अपने दूसरे स्नैच प्रयास में 140 किग्रा भार उठाया, जबकि इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 143 किग्रा है। वह क्लीन एंड जर्क में भी 165 किग्रा भार उठाने के बाद 169 और 171 किग्रा के प्रयास में विफल रहे थे। उन्होंने पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के लिये क्लीन एंड जर्क में 170 किग्रा भार उठाया था। भारत ने इस तरह तीन रजत पदकों के साथ विश्व चैंपियनशिप में अपना अभियान समाप्त किया, जिसमें से दो बिंद्यारानी देवी ने और एक यूथ ओलंपिक चैंपियन जेरेमी लालरिनिंगा ने जीता।

# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को क्लीन स्वीप करने से रोका

कराची, 8 मई। न्यूजीलैंड की अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 47 रन से जीत दर्ज करके पाकिस्तान को पांच मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप नहीं करने दिया।

पाकिस्तान को इस हार से दोहरा नुकसान हुआ है और वह विश्व रैंकिग में तीसरे स्थान पर खिसक गया है। न्यूजीलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 299 रन पर आउट हो गई। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 46.1 ओवर में 252 रन पर सिमट गई जो उसका श्रृंखला में न्यूनतम स्कोर है। कप्तान बाबर आजम अपने 100वें वनडे मैच में केवल एक रन बना पाए।

पाकिस्तान शुक्रवार को चौथा मैच जीतकर वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा था लेकिन उसे अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए श्रृंखला में 5-0 से जीत दर्ज करने की जरूरत है। विल यंग (87) और कप्तान टॉम लैथम (59) के अर्धशतकों तथा मार्क चैपमैन के 43 रन के उपयोगी योगदान से न्यूजीलैंड ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन जबकि उस्मा मीर और शादाब खान ने दो-दो विकेट लिए। इसके जवाब में पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर एक समय चार विकेट 66 रन था। मध्यक्रम के बल्लेबाज इफ्तिखार अहमद ने 72 गेंदों पर नाबाद 94 रन बनाए। उन्होंने सलमान आगाखान (57) के साथ पांचवें विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी की।

आगा खान के 35वें ओवर में आउट होने के बाद पाकिस्तान का कोई अन्य बल्लेबाज इफ्तिखार का लंबे समय तक साथ नहीं दे पाया। न्यूजीलैंड की तरफ से हेनरी शिप्ले और रचिन रविंद्रा ने तीन-तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड सीमित ओवरों के इस पाकिस्तान दौरे में अपने आठ प्रमुख खिलाड़ियों कि बिना उतरा था। उसके यह खिलाड़ी भारत में इंडियन प्रीमियर लीग में भाग ले रहे हैं।

## आर्सेनल जीता, मैनचेस्टर यूनाइटेड को मिली हार


लंदन, 8 मई। आर्सेनल ने न्यूकासल को 2-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताबी दौड़ को रोमांचक बनाए रखा।

आर्सेनल के इस जीत से 35 मैचों में 81 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे है। सिटी के 34 मैचों में 82 अंक हैं।

मार्टिन ओडेगार्ड ने 14वें मिनट में गोल करके आर्सेनल को बढत दिला दी थी। इसके बाद 71वें मिनट में फैबियन शार ने आत्मघाती गोल किया। इस बीच मैनचेस्टर यूनाइटेड को वेस्ट हैम के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। वेस्ट हैम की तरफ से मैच का एकमात्र गोल सैद बेनरहमा ने 27वें मिनट में किया। मैनचेस्टर यूनाइटेड इस हार के बावजूद चौथे स्थान पर बना हुआ है।

# स्नातक स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली लागू करने के निर्देश

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को राजभवन में कुलपति समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने बैठक में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पूरे प्रदेश में उच्च शिक्षा के विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रमों की एकरूपता




राज्यपाल कलराज मिश्र

एवं स्नातक स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली लागू करने के लिए विश्वविद्यालयों को कार्य करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल मिश्र ने विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों से संबंधित डेटा लीक की चर्चा करते हुए इसे गंभीरता से लेते हुए इस संबंध में सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विश्वविद्यालयों में कुल सचिव एवं वित्त नियंत्रक के खाली पदों को राज्य सरकार स्तर पर नीति निर्धारित कर समय सीमा निश्चित करते हुए शीघ्र भरा जाए। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर रिक्तियों को भरे जाने की त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजन में शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से विश्वविद्यालयों में बी.एड. (स्पेशल एजुकेशन) पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की स्थिति की जानकारी ली। राज्यपाल ने कुलपतियों के लिए परिलब्धियों, सेवा एवं अवकाश संबंधी शर्तों के बारे में स्पष्टता लाने के लिए परिपत्र जारी किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कुलपतियों को पाठ्यक्रम शीघ्र पूर्ण करते हुए परीक्षाएं अविलम्ब कराए जाने के निर्देश दिए।

- कुलाधिपति मिश्र की अध्यक्षता में कुलपति समन्वय समिति की बैठक आयोजित
- रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने पर हुई चर्चा

उन्होंने उच्च शिक्षा में राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके लिए विश्वविद्यालयों को रोजारोन्मुखी, कौशल विकास से जुड़े नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, शिक्षण में नवाचार अपनाते गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, शिक्षक प्रशिक्षण के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करने आदि का आव्हान किया।

शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला ने कहा कि राजकीय महाविद्यालयों को विकल्प के आधार पर नवीन विश्वविद्यालयों का संघटक कॉलेज बनाए जाने में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों दोनों का ही हित निहित है।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि विश्वविद्यालयों के लिए समान अम्ब्रेला एक्ट का ड्राफ्ट विधि विभाग को भिजवाया गया है, जिसमें कुलसचिव, वित्त नियंत्रक के पदों को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की तर्ज पर भरने एवं विश्वविद्यालयों में भर्तियों के लिए अलग आयोग बनाने का प्रस्ताव है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में खेलों के प्रशिक्षण और विकास के लिए निजी जन सहभागिता से कार्य किए जाने का सुझाव भी दिया।

## हनुमानगढ़ हादसे पर संवेदना जताई

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हनुमानगढ़ के बहलोल नगर इलाके में भारतीय वायुसेना के मिग-21 विमान हादसे पर संवेदना व्यक्त की है।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगतजनों की आत्मा की शांति एवं परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति देने की कामना की है। उन्होंने मिग-21 के पायलट एवं अन्य घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की है।

## पटवारी भर्ती में नियुक्ति देने पर रोक हटी

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पटवारी भर्ती-2020 में वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति देने पर लगी रोक को हटा लिया है। इसके साथ ही अदालत ने इन नियुक्तियों को याचिका के निर्णयाधीन रखा है। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश रितेश कुमार व अन्य की अपील पर दिए। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने गत दिनों वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति देने पर लगी रोक को हटाते हुए नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली पांच दर्जन याचिकाओं को खारिज कर दिया था। एकलपीठ के इस आदेश के खिलाफ खंडपीठ में चुनौती दी गई है। सुनवाई के दौरान प्रतीक्षा सूची के प्रभावित छात्रों की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर नियुक्ति प्रक्रिया से रोक हटाने की गुहार की गई।


**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.नं. 10/580 ग्राउण्ड फ्लोर, मालवीय नगर जयपुर के संबंध में मेरी अभिभाष्या भारती जानयानी का पारिवारिक विवाद है सम्पत्ति के संबंध में कोई भी खरीद फरोख्त या संम्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
राजेश प्रजापति, एडवोकेट, मो.नं. 9351268722

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या मोबिना पत्नि स्व. इमामुद्दीन निवासी गांव खाचरियावास, तहसील दांतारामगढ, जिला जयपुर की हैं। मेरी अभिभाष्या के तीन पुत्र व दो पुत्रिया है जिसमें मेरी अभिभाष्या के पुत्र मोसिम खान मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है तथा मोसिम खान नशे का आदि है। मेरी अभिभाष्या अपने पुत्र मोसिम खान को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करती है, जो कोई व्यक्ति/संस्था इनसे किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।
जयपुर (प्रमोद सिंह लुहाकना, दिनांक-8.5.23 सोहन लाल छापोला/शकील अहमद) एडवोकेट्स, मो. 9828045966

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मैसर्स पार्क एवेन्यू जरिये पार्टनर श्री अवेश उस्मान आगवोटवाला ने ग्राम आमेर तहसील आमेर में स्थित भूमि खसरा नं. 5941, 5942, 5943, 5959, 10160/5959 कुल रकबा 0.3533 हैक्टेयर भूमि सम्पूर्ण को खातेदार श्री सोमनाथ नारंग पुत्र श्री मुकन्दलाल नारंग से क्रय करने का करार किया है यदि इसके संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना की प्रकाशन तिथि से अन्दर मियाद 7 दिवस के भीतर मय सबूत सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद विक्रय पत्रों का विधिवत पंजीयन करवा लिया जायेगा तथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
दिनांक-08.05.2023 (नरेन्द्र कुमार माहेश्वरी) एडवोकेट आमेर, मो. 9829140930

**आम-सूचना**
ओम कंवर उर्फ मरुधर कंवर पत्नी श्री जगदीश सिंह शेखावत, उम्र 45 वर्ष, निवासी-गांव सिंघासन, सीकर (राज.) के द्वारा भूखण्ड सं. 75, क्षेत्रफल 166.6 वर्गगज, योजना गोकुल विहार, मीनावाला, जयपुर के आवंटन-पत्र में मरुधर कंवर के स्थान पर ओम कंवर अंकित कर संशोधित करने बाबत शपथ-पत्र, आवंटन-पत्र की फोटो प्रति व निवास के दस्तावेज समिति कार्यालय में पेश कर उक्त भूखण्ड में नाम संशोधन करने बाबत आवेदन किया। यदि उक्त भूखण्ड के नाम संशोधन बाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, समिति या संगठन को कोई आपत्ति हो तो वो समिति कार्यालय में या मेरे कार्यालय में उक्त सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में सम्पर्क करे, अन्यथा समिति द्वारा उक्त भूखण्ड में नाम संशोधन कर भूखण्ड ओम कंवर के नाम जारी कर दिया जायेगा, बाद मियाद गुजरने के कोई उज्र मान्य नहीं होगा। भवदीय
(हेमन्त कुमार पलोड़) एडवोकेट मो. नं. 9314511091

**खोया पाया**

मोती भवन निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना स्कीम नंबर 8 एवरेस्ट विहार (ब्रजलालपुरा) के प्लाट नं. 199 का सोसायटी का साइट प्लान गुम हो गया है। सूचित करें-भारती हेमेन्द्र सिंह-9414055011

मेरा मकान सं. 172/166, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें। जगदीश-6375571190

मेरा मकान सं. 80/152, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल कब्जा पत्र गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क करें। नवल किशोर शर्मा-9929522000


# गहलोत खुलासा कर बताएं कि कब, कहां और किस तरह से उनकी सरकार बचाने में सहयोग किया गया : शेखावत

## 'राजनीतिक हितों के लिए विरोधियों का दमन करने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछालने की परम्परा राजस्थान में नहीं थी'

**जयपुर।** केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि वसुंधरा राजे को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत का बयान गैर जिम्मेदाराना और अपना हित साधने के लिए दिया गया है। यह बयान मुख्यमंत्री ने अपने ही दल में अपने विरोधियों को संदेश देने के लिए दिया है। शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री को पूरे खुलासे के साथ बताना चाहिए कि कब, कहां और किस तरह से उनकी सरकार बचाने में सहयोग किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने दो टूक कहा कि अपने राजनीतिक हितों के लिए अपने विरोधियों का दमन करने के लिए दूसरों पर कीचड़ उछालने की परम्परा राजस्थान में नहीं थी। ऐसी परम्परा शुरू करके गहलोत अच्छा संदेश नहीं दे रहे। उन्हें ऐसी परम्परा की शुरुआत करने से बचना चाहिए। साथ ही, शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दस मई को आबू रोड की प्रस्तावित सभा को लेकर कार्यकर्ताओं और आम आदमी में भारी उत्साह है।

सोमवार को भाजपा ऑफिस में शेखावत ने पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा केन्द्रीय गृह मंत्री



गजेन्द्र सिंह शेखावत

अमित शाह और उन पर की गई टिप्पणी पर पूछे सवाल के जवाब में शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस बयान से यह बात तय है कि विधायकों के पास पैसा आने का प्रमाण मुख्यमंत्रीजी के पास है। प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराओं के तहत पहला तो पैसा लेने वाला दोषी है। आपने उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की? दूसरा यह जानते हुए भी कि किसी व्यक्ति ने भ्रष्टाचार किया है और आपके पास प्रमाण है तो राज्य के गृह मंत्री और मुख्यमंत्री होने के नाते इस मामले में विधिक कार्रवाई करने की आपकी नैतिक और वैधानिक जिम्मेदारी है। यदि आपने उस पर कारवाई नहीं की तो इसका मतलब आप भी उसमें लिप्त हैं। आईपीसी की धारा 120बी के तहत आप भी आरोपी हैं। मुख्यमंत्री के उनकी सरकार गिराने की साजिश रचने के आरोपों पर शेखावत ने कहा कि सास और बहू के झगड़े में पड़ोसी को नहीं घसीटना चाहिए। जो विधायक उस वक्त वहां गए। उनके मोबाइल जब्त किए गए। परिवार से दूर किया गया। यदि किसी तरह की कोई बात थी तो मुकदमा दर्ज करवाना चाहिए। सरकार को इस मामले में अपनी एर्जेंसियों से जांच करवा लेनी चाहिए। यदि आपकी एर्जेंसियां जांच करने में सक्षम नहीं है तो मामला सीबीआई को सौंप दीजिए।

शेखावत ने एक सवाल के जवाब में कहा कि शेखावत ने कहा कि राज्य में पार्टी की सरकार आने पर न केवल पीएफआई अपितु जो संगठन देश की अखंडता, एकता और शांति में बाधक है, उन पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

शेखावत ने सरकार गिराने के आरोपों पर कहा कि ब्यावर में रहने वाले व्यक्ति की शिकायत पर टेलीफोनिक बातचीत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर

- 'प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धाराओं के तहत पैसा लेने वाला दोषी, आपने उन विधायकों के खिलाफ क्या कार्रवाई की?'

लिया जाता है। उसके बाद दूसरा मुकदमा राष्ट्रदोह का दर्ज होता है और पन्द्रह दिन तक बयानबाजी करने के बाद उसे वापस ले लिया जाता है। तीसरा तीन मुकदमे एसीबी में दर्ज कर लिया जाता है। एक किसी गजेन्द्र सिंह के खिलाफ, दूसरा भंवरलाल शर्मा और तीसरा संजय जैन के खिलाफ है। इन मुकदमों में भी भेदभावपूर्ण तरीके से कार्रवाई होती है। संजय को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि किसी गजेंद्र सिंह से वॉयस सैंपल मांगे गए और भंवरलाल शर्मा के साथ बैठकर कॉफी पी जा रही थी। उन्होंने कहा कि विश्वेन्द्र सिंह के खिलाफ भी मामला दर्ज किया, लेकिन उन्हें मंत्री बना दिया गया। यह राजनीतिक दुर्भावना का अनूठा उदाहरण है। केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कानून और उससे जुड़ी एर्जेंसियों का सबसे ज्यादा दुरुपयोग यह सरकार कर रही है। लोकतंत्र खतरे में है, का नारा देने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस बात के उदाहरण हैं कि किस तरह राजनीतिक दुर्भावना के चलते एर्जेंसियों का दुरुपयोग किया जाता है। गहलोत राहत शिविर के नाम पर राजनीतिक भाषण देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन राजस्थान की जनता अब गुमराह नहीं होने वाली। वह कांग्रेस सरकार को हासिए पर धकेलने का मानस बना चुकी।

ये पूछे जाने पर कि क्या गृह मंत्री और आप पर की गई टिप्पणियों के लिए मानहानि और एफआईआर दर्ज कराने जैसी कार्रवाई भाजपा की ओर से की जा रही है? केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस पर पार्टी में उच्च स्तर पर विचार हो रहा है। विचार के बाद भी जो भी आवश्यक होगा, किया जाएगा। सचिन पायलट के भाजपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि मैं पहले भी यह बात कह चुका हूं कि वह कोई भी व्यक्ति, जिसकी हमारी पार्टी की रीति-नीतियों में आस्था है। हमारे नेतृत्व में आस्था है, उसका भाजपा में स्वागत है।


**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय पिताजी **श्री दयानन्द नराणियां** पुत्र स्वर्गीय श्री रामचन्द्र नराणियां (दौसा वाले) का आकस्मिक स्वर्गवास 7.5.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 9 मई 2023 को सायं 5 बजे से 6 बजे तक हमारे निज निवास प्लॉट न. 41, शान्ति नगर, करतारपुरा, जयपुर में रखी गयी है।
**शोकाकुलः** राजेश, महेन्द्र (पुत्र), कैलाश, बिजयलाल, लल्लूलाल, महेश (भ्राता), ध्रुव (पौत्र) समस्त नराणिया परिवार, दौसा वालें।
9784802607, 9928209196

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**नाम परिवर्तन**

मैने अपना नाम शेख मोहम्मद सलीम (Sheikh Mohammed Salim) से बदलकर मोहम्मद सलीम (Mohamed Salim) पुत्र श्री मोहम्मद जहूर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-1124, मोहल्ला खुमरान, घाट गेट, जयपुर (राज.)

मैंने मेरा नाम गीता देवी से बदलकर गीता देवी धनोपिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। 86ए, श्याम मार्ग, कृष्णा सरोवर, नियर इस्कॉन टेंपल, मानसरोवर जयपुर

I have changed my name from Naina Bhatiya to Naina Bhatia for all purpose R/o 136-B, Ram Gali No-3, RajaPark, Jaipur.

I have changed my name from Abdul Haleem to Abdul Alim for all purposes R/o- 3508 Nahargarh road Nimadi Ki Police Jaipur.

After marriage I have changed my name from Shyama sharma to SHAMYA TIWARI w/o Dheeraj Kumar tiwari R/o Mahendra Hospital, Station Road, Shrimadhopur, Sikar Rajasthan 332715 for future purposes.

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-1677 दिनांक-8.5.2023
**जाहिर आम सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर सांगानेर योजना में आवास संख्या 32/08 (HIG), (एरिया 236.25 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री राधे श्याम शर्मा पुत्र श्री बद्री विशाल शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र 1903 दिनांक 13.03.1992 को जारी किया गया। श्री राधे श्याम शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 26.12.1994 को उप पंजीयक सांगानेर, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री राधे श्याम शर्मा की मृत्यु दिनांक 02.01.2022 को हो जाने के कारण हकत्याग पत्र के आधार पर इनके पुत्र श्री नवीन शर्मा पुत्र स्व. श्री राधेश्याम शर्मा द्वारा उक्त आवास को अपने स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री नवीन शर्मा पुत्र व. श्री राधेश्याम शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य श्री राकेश छीपा पुत्र श्री रमेश चन्द छीपा पौत्र स्व. श्री शंकर लाल छीपा निवासी-बिहारी जी के मंदिर के पास, जुगल बाजार बगरू, जयपुर राजस्थान। व्यवसायिक पता- एच 30, पुराना रिको, बगरू, जयपुर राजस्थान है। मेरा अभिभाष्य प्लाट नम्बर एच 30 ऑल्ड रिको, जो कि मेरे अभिभाष्य के दादाजी के द्वारा दिनांक 18.09.1979 को खरीद किया हुआ है, मेरा अभिभाष्य उक्त प्लाट में निता हस्तकला के नाम से कपडों के छपाई एवं बेचान के का कार्य करता है। जिसका प्रोपराईटर मेरा अभिभाष्य है। मेरे अभिभाष्य उक्त प्लाट पर 20 वर्षो से व्यवसाय कर रहा है एवं बिजली का बिल व समस्त टैक्स भी मेरा अभिभाष्य की अदा करता आ रहा है। मेरे अभिभाष्य के दादाजी दिनांक 30.10.2022 को देहान्त हो गया है। देहान्त के बाद मेरे दादाजी के पुत्र उक्त प्लाट पर बेचान पर उतारु हो रहे है। उक्त प्लाट पर मेरा अभिभाष्य का भी हिस्सा है और संपूर्ण परिसर पर मेरे अभिभाष्य का मालिकाना कब्जा है। उक्त प्लाट विवादित है मेरे अभिभाष्य को सूचना दिये बिना अगर क्रय विक्रय किया जाता है तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा अभिभाष्य किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा। सूचित रहे।
(अवधेश कुमार शर्मा) एडवोकेट, मो. 9828884988

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 40/2023
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री इमरान खान पुत्र इसब खान निवासी गाँव खिजरपुर, पोस्ट-संथलका तहसील-तिजारा जिला-अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत ई.सी.आर. फाउण्डेशन मेन चौपांकी रोड, पावर हाउस के पास गांव-बिलाहेडी भिवाडी जिला-अलवर प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 05.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13.07.2023
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

# हनुमानगढ़ में वायुसेना का मिग-21 विमान क्रैश, तीन महिलाओं की मौत

हनुमानगढ़, 8 मई (कासं)। सोमवार सुबह मिग-21 फाइटर जेट क्रैश हो गया। फाइटर जेट बहलोल नगर इलाके में एक घर पर गिरा, जिससे इस घर में रहने वाली 3 महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि, पायलट सुरक्षित है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए।

मृतकों के नाम बशोकौर (45), बंतो (60) और लीला देवी (55) हैं।

- **हनुमानगढ़ के बहलोल नगर इलाके में एक घर पर गिरा फाइटर जैट।**
- **पायलट ने पैराशूट से कूदकर जान बचाई।**

पायलट राहुल अरोड़ा (25) ने पैराशूट से कूदकर अपनी जान बचाई। उन्हें सूरतगढ़ भेजा गया है। एयरफोर्स ने कहा कि, मिग-21 ट्रेनिंग उड़ान पर था। उड़ान के दौरान पायलट को इमरजेंसी सिचुएशन का पता चला। उसने एयरक्राफ्ट को संभालने की कोशिशें की। जब वह ऐसा नहीं कर पाया तो उसने विमान से कूदने का फैसला किया। सूरतगढ़ एयरबेस से करीब 25 किलोमीटर दूर पायलट मिला। पायलट को मामूली चोटें आई हैं। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

हादसे में सरोज (18) विमला (19) और वीरपाल कौर (32) घायल हुई हैं। मिग-21 क्रैश के बाद हुए धमाके से पड़ौस के एक दूसरे मकान की छत गिर गई। इस मकान में रहने वाली महिला को भी चोटें आई हैं। फाइटर जेट क्रैश में मारी गई महिलाओं के परिजन नौकरी और मुआवजे की मांग करने लगे। उन्हें समझाने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



*हनुमानगढ़ के बहलोल नगर इलाके में सोमवार सुबह एक फाइटर प्लेन, मिग-21 क्रैश हो गया और एक मकान पर जा गिरा। इस हादसे में घर में मौजूद तीन महिलाओं की मौत हो गई।*

ग्रामीण प्रहलाद ने बताया कि, विमान के घर पर गिरने के बाद जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर ध्वस्त हो गया था। घर में मौजूद 3 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी। आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पुलिस-प्रशासन के लोग जब तक पहुंचे लोगों ने शव बाहर निकाल लिए थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद जेसीबी से मलबे में और लोगों की तलाश की, लेकिन कोई शव नहीं मिला। गांव में करीब 600 घर हैं।

हादसे में मारी गई महिलाओं के परिजन शवों को रखकर सरकारी नौकरी और मुआवजे की मांग पर अड़ गए। इस पर मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की गई है। जबकि नौकरी के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने की बात कही थी। परिजन 50 लाख मुआवजा की मांग पर अड़े हैं। परिजनों ने शवों का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। पीलीबंगा हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर परिजन धरने पर बैठ गए।

## 12 साल बाद सीरिया की अरब लीग में एंट्री हुई

काहिरा, 8 मई (वार्ता)। अरब विदेश मंत्रियों ने रविवार को काहिरा में हुई अरब लीग (ए.एल.) की असाधारण बैठक में 12 साल के निलंबन के बाद सीरिया की लीग में सदस्यता बहाल करने का फैसला किया। बैठक के बाद जारी अंतिम बयान में यह जानकारी दी गयी।

बयान में कहा गया कि अरब लीग की मंत्रिस्तरीय परिषद की बैठक ने 7 मई, 2023 तक अरब लीग परिषद और उसके सभी संगठनों और निकायों की बैठकों में सीरिया सरकार के प्रतिनिधिमंडलों की भागीदारी को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया।

- **अरब लीग जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक, लेबनान, मिस्त्र का सबसे प्रमुख संगठन है।**

अरब विदेश मंत्रियों ने सीरिया को उसके संकट से उबारने के लिए प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता पर भी सहमति व्यक्त की। बयान के अनुसार, उन्होंने ए.एल. चार्टर और उसके सिद्धांतों के आधार पर सीरिया की संप्रभुता, क्षेत्रीय एकता, स्थिरता और क्षेत्रीय अखंडता को संरक्षित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत किया। विदेश मंत्रियों ने जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक, लेबनान, मिस्त्र और ए.एल. महासचिव की एक समिति बनाने पर भी सहमति व्यक्त की, ताकि सीरियाई संकट के व्यापक समाधान तक पहुंचने के लिए सीरियाई सरकार के साथ सीधी बातचीत जारी रखी।

# मेरे खिलाफ गहलोत का एक बड़ा षड्यंत्र है-वसुन्धरा राजे

## पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि, ''मेरा जितना अपमान गहलोत ने किया कोई नहीं कर सकता''

जयपुर, 8 मई (का.सं.)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा है कि, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 2023 में होने वाली हार से भयभीत होकर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने उन गृहमंत्री अमित शाह जी पर आरोप लगाया है, जिनकी ईमानदारी और सत्य निष्ठा सर्व विदित है।

राजे ने कहा कि, रिश्वत लेना और देना दोनों अपराध हैं, यदि उनके विधायकों ने पैसा लिया है तो एफआईआर दर्ज करवाएँ।

''सच तो यह है कि, अपनी ही पार्टी में हो रही बग़ावत और रसातल में जाते जनाधार के कारण बौखलाहट में उन्होंने ऐसे अमर्यादित और असत्य आरोप लगाए हैं।''

पूर्व सीएम ने कहा कि, विधायकों की ख़रीद फ़रोख़्त की जहाँ तक बात है, इसके महारथी तो स्वयं अशोक गहलोत हैं। जिन्होंने 2008 और 2018 में अल्पमत में होने के कारण ऐसा किया था। उस वक्त न भाजपा को बहुमत मिला था और न ही कांग्रेस को। उस समय चाहते तो हम भी सरकार बना सकते थे, पर यह भाजपा के सिद्धांतों के ख़िलाफ़ था। इसके विपरीत गहलोत ने अपने लेन- देन के माध्यम से विधायकों की व्यवस्था कर दोनों समय सरकार बनाई थी।भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा, मुख्यमंत्री द्वारा मेरी तारीफ़ करना मेरे ख़िलाफ़ उनका एक बड़ा षड्यंत्र है। मेरा जितना जीवन में अपमान गहलोत ने किया कोई कर ही नहीं सकता। वे 2023 के चुनाव में होने वाली ऐतिहासिक हार से बचने के लिए ऐसी मनगढ़ंत कहानियाँ गढ़ रहें हैं, जो दुर्भाग्य पूर्ण है, पर उनकी यह चाल कामयाब होने वाली नहीं है।

## 105 करोड़ रू...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सेवाली देवी शर्मा, अजीतपाल सिंह और राहुल आमीन को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही नौकरानी को भी हिरासत में लिया है। तीनों आरोपी असम से भागकर अजमेर आ गए थे।

ज्ञातव्य है कि, सेवाली देवी शर्मा 1992 कैडर की आई.ए.एस. अधिकारी है। घोटाले के मामले में फिलहाल स्पेशल टीम अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। मामला उजागर होते ही असम सरकार ने महिला आई.ए.एस. शर्मा को निलंबित कर दिया था। असम विजिलैंस स्पेशल टीम के इंस्पेक्टर प्रीतम सेकिया ने मीडिया को बताया कि, आई.ए.एस. सेवाली देवी शर्मा पर घोटाले के आरोप है। उन्होंने बताया कि, वर्ष 2017-2020 के बीच जब आई.ए.एस. शर्मा स्टेट काउन्सलिंग ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग में एग्ज़ीक्यूटिव के पद पर थीं, तब उन्होंने सरकार की सहमति के बिना 5 बैंक अकाउन्ट खुलवाए और कथित रूप से 100 करोड़ से अधिक के घोटाले किए। आई.ए.एस. शर्मा ने बिना कोई वर्क ऑर्डर दिखाए करीब 105 करोड़ रुपए खातों से निकाल लिए। अधिकारियों ने बताया कि, इस घोटाले में उनके दामाद भी शामिल हैं, जो कि एक कॉन्ट्रैक्टर हैं।

## क्या राजे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से जबरदस्त घबराये हुये गहलोत, पायलट को राज्य के सर्वोच्च पद से दूर रखने के लिये किसी भी सीमा तक चले जायेंगे, चाहे इसके लिय उन्हें कोई भी कीमत चुकानी पड़े। वे जानते हैं कि वे पुनः सत्ता में नहीं आ सकते, इसलिय वे भाजपा की राह आसान कर रहे हैं।

## समूची रेल...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टिकट ई टिकट के रूप में ऑनलाइन बुक होते हैं सिर्फ 19 प्रतिशत ही काउंटर से खरीदे जाते हैं।

# भीलवाड़ा में 6 साल की मासूम से दुष्कर्म

## रेप करने के बाद आरोपी बच्ची को घर से कुछ दूरी पर छोड़कर फरार हो गया

भीलवाड़ा, 8 मई (नि.सं.)। भीलवाड़ा में माता पिता के साथ घर पर सोई एक 6 साल की बच्ची को अज्ञात व्यक्ति घर में घुस उठा कर ले गया और रेप करने के बाद उसे घर से कुछ दूरी पर छोड़कर फरार हो गया। बच्ची की हालत देखकर परिजन सकते में आ गये। हालत बिगड़ने पर बच्ची को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

- **रविवार रात करीब 2 बजे कोई अज्ञात बदमाश घर में घुस आया और परिजनों के साथ सोई 6 साल की बच्ची को उठा ले गया।**

कोतवाली थाना इलाके में रहने वाला एक परिवार रविवार रात खाना खाने के बाद बच्चों के साथ सो गया। रात करीब 2 बजे अज्ञात बदमाश घर में घुस आया, जो परिजनों के साथ सोई 6 साल की बच्ची को उठा ले गया। दरिंदे ने इस मासूम के साथ रेप किया। बताया जा रहा है कि, तड़के करीब 4 बजे दरिंदा इस बच्ची को लहूलुहान हालत में घर से कुछ दूरी पर छोड़कर फरार हो गया। इस बच्ची ने घर से कुछ दूरी पर रहने वाले एक व्यक्ति को नींद से जगाया। यह व्यक्ति एक बारगी बच्ची को देखकर घबरा गया। उसने बच्ची से पूछा तो उसने अपने पिता का नाम बताया। बाद में इस व्यक्ति ने बच्ची को घर भिजवा दिया।

बताया गया है कि, घर पहुंचने पर बच्ची के परिजनों की नींद खुली तो बच्ची की हालत देखकर वह सकते में आ गये। बच्ची के कपड़े मिट्टी से सने हुये थे।

वारदात का पता उस समय चला जब बच्ची की तबीयत खराब होने लगी और प्राइवेट पार्ट्स में दर्द से वह चिल्लाने लगी।

इसके बाद यह बच्ची बेहोश हो गई। बच्ची के कपड़ों पर खून लगा था। ऐसे में परिजनों को बच्ची के साथ रेप होने का पता चला। वे, बच्ची को लेकर एमजी अस्पताल पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर लिया गया। कार्यवाहक डीएसपी सिटी रामचंद्र चौधरी, कोतवाल पुष्पा कासौटिया अस्पताल पहुंचे और मामले की परिजनों व डॉक्टर्स से जानकारी ली। इसके बाद ये अधिकारी घटनास्थल भी गये और क्षेत्रीय लोगों से पूछताछ की। कोतवाल कासौटिया का कहना है कि, अभी तक दरिंदे का पता नहीं चल पाया है। उसका पता लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## कश्मीर में भूकम्प के झटके

श्रीनगर, 8 मई (वार्ता)। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी के कुछ हिस्सों में सोमवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र 34.16 उत्तर में और 74.56 पूर्व में था। कुछ पलों के लिए भूकंप के तेज झटके श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य भागों में महसूस किए गए।

- **भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 मापी गयी। भूकम्प का केन्द्र बारामूला के पूर्वोत्तर में 10 किलोमीटर की गहराई में था।**

दोपहर दो बजकर 28 मिनट पर आए भूकंप बारामूला के पूर्वोत्तर में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के कारण पानी में कुछ स्थानों पर लोग घरों से बाहर निकल आए।

# राहुल गांधी आज माउंट आबू में

## राहुल एक दिन के दौरे पर आ रहे हैं

जयपुर, 8 मई (का.प्र.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 9 मई को माउंट आबू के एक दिन के दौरे पर राजस्थान आयेंगे। राहुल गांधी माउंट आबू में चल रहे, दस दिवसीय सर्वोदय संगम नेतृत्व शिविर के अंतिम दिन के समारोह में शिरकत करेंगे।

- **राहुल गांधी कांग्रेस के 10 दिवसीय सर्वोदय संगम शिविर के समापन पर पार्टी कार्यकर्ताओं व नेताओं को संबोधित करेंगे।**
- **राहुल दिल्ली से सुबह इंडिगो की फ्लाइट से उदयपुर पहुंचेंगे और वहां से हैलीकॉप्टर से माउंट आबू जाएंगे।**

मंगलवार सुबह 8:10 पर इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली से रवाना होकर 9:45 पर राहुल गाँधी उदयपुर पहुंचेंगे। उदयपुर से हैलिकॉप्टर से वे आबू रोड पहुंचेंगे और 11:20 पर माउंट आबू में ट्रेनिंग कैंप में शिरकत करेंगे। ज्ञातव्य है कि, कांग्रेस पार्टी सर्वोदय संगम प्रशिक्षण शिविर के जरिए नेतृत्व निर्माण कर रही है। माउंट आबू में चल रहे सर्वोदय संगम शिविर में देशभर के 45 कांग्रेस जन प्रशिक्षण ले रहे हैं। सर्वोदय संगम का यह तीसरा शिविर है। इस तरह के शिविर के जरिए कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रतिभागियों को देश, राजनीति, समाज एवं स्वयं को राजनीति की अध्यक्षता के लिए तैयार किया जाता है।

इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यान, राजनीतिक व्यक्तियों के साथ चर्चा, ग्राम क्षेत्र का दौरा, आत्म प्रतिबिंब और आपस में चर्चा होती है। शिविर के जरिए वैचारिक लड़ाई में स्थानीय कार्यकर्ताओं को तैयार करने का उद्देश्य और कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावी ढंग से विस्तार देने, झूठ का मुकाबला करने के लिए जरूरी एवं सही जानकारी दी जाती है। राहुल गांधी ट्रेनिंग कैंप में शिरकत करने के बाद शाम 4:30 बजे रवाना होंगे। इसके बाद उदयपुर से रात 8:00 बजे वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के माउंट आबू के दौरे को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र चौधरी सोमवार रात को 11 बजे माउंट आबू पहुंचेंगे और सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

प्रशासनिक अमले ने राहुल गांधी के दौरे को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं सुरक्षा को लेकर पोलो ग्राउंड से लेकर कांग्रेस के शिविर स्थल तक जाप्ता तैनात किया। यह भी जानकारी निकलकर सामने आ रही है कि, राहुल गांधी राज्य सरकार द्वारा लगाए गए महंगाई राहत कैंप में भी जा सकते हैं।

## ई.डी. चीफ मिश्रा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रख लिया। उक्त संशोधन के जरिए ई.डी. निदेशक का कार्यकाल पांच वर्ष किया गया था, जिसमें आरंभिक कार्यकाल दो वर्ष और तीन वर्ष तक, हर साल नया सर्विस एक्सटेंशन शामिल था।

जस्टिस बी.आर. गवई, जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संजय करोल की एक बैंच ने याचिकाकर्ताओं की बहस समाप्त होने के बाद फैसले को सुरक्षित रख लिया। याचिकाकर्ताओं सी.बी.सी. एक्ट में संशोधन सहित शीर्ष अदालत के वर्ष 2021 के फैसले के विपरीत मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाए जाने को चुनौती दी थी। केन्द्र सरकार ने मिश्रा के कार्यकाल को बढ़ाए जाने के साथ ही सी.बी.सी. एक्ट में संशोधन का पक्ष लिया था। कोर्ट ने आदेश को सुरक्षित रखते हुए सभी संबंधित पक्षों से कहा कि वे अगले शुक्रवार तक अतिरिक्त लिखित टिप्पणियां फाइल करें।

इस मामले में बैंच की सहायता कर रहे न्याय मित्र के.वी. विश्वनाथन ने भविष्य की सरकारों द्वारा इसका दुरुपयोग किए जाने की आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र के वृहद हित को ध्यान में रखते हुए उक्त संशोधन को रद्द किया जाए।

# कानून बदलकर गैंगस्टर को रिहा करने पर बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट से नोटिस

## सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से पूछा, आखिर एक गैंगस्टर की रिहाई के लिए कानून बदलने की जरूरत क्यों पड़ी, तथा दो हफ्ते में जवाब मांगा

नई दिल्ली, 8 मई (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के गोपालगंज के 1994 में तत्कालीन जिला अधिकारी जी कृष्णैया की पीट-पीटकर हत्या के दोषियों में शामिल बाहुबली नेता आनंद मोहन सिंह को उम्र कैद की पूर्व निर्धारित सजा पूरी होने से पहले जेल से पिछले महीने रिहा करने के राज्य सरकार के संशोधित कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी की पीठ बिहार सरकार एवं अन्य को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश जारी किया।

- **बिहार सरकार ने 10 अप्रैल को बिहार जेल मैनुअल 2012 में बदलाव किया था। इसके तहत सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान हत्या को भी सामान्य हत्याकाण्ड करार दिया गया।**
- **पहले प्रावधान था कि, सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान हत्या करने वालों को रिहाई में छूट नहीं मिलेगी। कानून में बदलाव के बाद आनंद मोहन की जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया। इसके बाद 27 अप्रैल को गैंगस्टर आनंद मोहन को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया।**

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्वर्गीय कृष्णैया की विधवा उमा कृष्णैया की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार एक मई को को स्वीकार करते हुए मामले को 8 मई को सूचीबद्ध का निर्देश दिया।

बिहार सरकार ने 10 अप्रैल को बिहार जेल मैनुअल 2012 में बदलाव किया था। इसके तहत सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान हत्या को भी सामान्य हत्याकांड की तरह कर दिया गया। पहले प्रावधान था कि सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी के दौरान हत्या करने वालों को रिहाई में छूट नहीं मिलेगी। इस बदलाव के बाद आनंद मोहन की जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया था। इसके बाद 27 अप्रैल को आनंद मोहन को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया। आनंद मोहन की रिहाई पर विपक्षी पार्टियां भी खुलकर सामने नहीं आईं। नियमों में बदलाव को लेकर पटना हाईकोर्ट में भी जनहित याचिका दायर हुई थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तानिया ने पीठ के समक्ष विशेष उल्लेख के दौरान इस मामले को उठाते हुए शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी।

## सोनिया गांधी पर एफ.आई.आर. के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

न देश का।........ उनके (भाजपा) नेता इतने अहंकारी है कि वे किन्हीं सवालों और पत्रों के जवाब तक नहीं देते। वे मानते हैं कि संवैधानिक संस्थाएं उनकी जेब में पड़ी हैं।''

सोनिया के जो बात भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के इस कथन के संदर्भ में कही गयी प्रतीत होती है कि कर्नाटक के लोगों को ''मोदी के आशीर्वाद'' सुनिश्चित करने के लिये'' भाजपा को वोट देने चाहिये, उसमें सोनिया ने कहा था, ''आज स्थिति ऐसी आ गई है कि वे (भाजपा) खुली धमकियाँ जारी कर रही हैं। वे कहते हैं कि अगर वे नहीं जीतेंगे तो उन्हें मोदीजी का आशीर्वाद नहीं मिलेगा। वे कहते हैं कि अगर भाजपा हार गई तो यहाँ बहुत झगड़े एवं लड़ाइयाँ होंगी। ........ मैं आप लोगों की तरफ से उनसे यह कहना चाहूँगी कि कर्नाटक के लोगों को इतने शक्तिहीन एवं कमजोर मत समझिये। कर्नाटक के लोग किसी व्यक्ति के आशीर्वाद पर नहीं, बल्कि अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प पर निर्भर हैं। कर्नाटक के लोग कायर, डरपोक या लालची नहीं हैं। ......... कर्नाटक के लोग 10 मई को आपको बता देंगे कि वे किस मिट्टी के बने हैं। जनता अपने भविष्य के बारे में अपने निर्णय स्वयं लेती है।''

कर्नाटक के आसन्न विधानसभा चुनावों में अपनी पराजय को भाँपते हुये, भाजपा और उसके नेता, जिनमें प्रधानमंत्री भी शामिल हैं, जनादेश पाने के लिये जनता के मानस को बदलने के लिये हर प्रकार के छल-बल एवं दाँव-पेच काम में ले रहे हैं।

भाजपा के चेहरे पर पराजय साफ दिखाई दे रही है- इस बात की पुष्टि एन.सी.पी. के दिग्गज नेता शरद पवार ने भी उस समय कर ही दी जब कली मंदिर-नगरी पंढ़रपुर में उन्होंने कहा कि कर्नाटक की सत्ता में कांग्रेस आयेगी।

इस बीच, शरद पवार ने आज कहा है कि वे इस बात को देख-सुन कर हैरान रह गये हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक, जहाँ 10 मई को वोट पड़ने हैं, में प्रचार के दौरान ''धार्मिक'' नारे लगवाये हैं। पवार ने एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से कहा कि जब कोई व्यक्ति किसी चुनाव में धर्म या धार्मिक मुद्दे उठाता है तो इससे एक अलग ही किस्म का वातावरण बनता है।

## ''केरल स्टोरी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक फिल्म को भाजपा वित्तीय सहयोग दे रही है। उन्होंने जोर देते हुये कहा कि बंगाल एक ''शान्तिपूर्ण राज्य'' किन्तु भाजपा इसे अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। फिल्म ''केरल स्टोरी'' में ऐसी तीन महिलाओं की कहानी है, जिनको बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन करवा दिया जाता है। बाद वे दुर्दान्त आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट या आई.एस.आई.एस. में शामिल हो जाती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ''कश्मीर फाइल्स'' की तरह ही सुदीप्तो सैन द्वारा निर्देशित यह नई फिल्म एक समुदाय पर किया गया एक हमला है। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बंगाल के इस निर्णय की निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म पर रोक लगाकर, ममता बनर्जी ने राज्य में सामाजिक मुद्दों पर होने वाली चर्चा का गला घोंट दिया है। इससे नागरिकों के मूलभूत हितों को चोट पहुँचेगी।

# बिलावल का भारत दौरा ''लॉस्ट ऑपर्चूनिटी''...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समर्थन कर रहा है और आतंक फैला रहा है। यह एक ऐसा आरोप था, जिससे पाकिस्तान इंकार करता रहा है। जयशंकर ने कहा कि ''विदेश मंत्री एवं एस.सी.ओ. के सदस्य राष्ट्र के प्रतिनिधि के रूप में बिलावल ज़रदारी के साथ प्रोटोकॉल के अनुरूप व्यवहार किया गया।

जर्मनी की न्यूज एजेंसी डी.डब्ल्यू. ने विशेषज्ञों के हवाले से कहा कि बिलावल का भारत दौरा दोनों देशों के बीच भविष्य की किसी वार्ता का मार्ग प्रशस्त कर सकता था। इस दौरे को जटिल मुद्दों के बीच एक सकारात्मक घटनाक्रम के रूप में देखा जा सकता था। इससे लाभ लेकर दोनों देशों के बीच तनाव कम किया जा सकता था, किन्तु यह अवसर गंवा दिया गया। पाकिस्तान में ही किसी संभावित राजनैतिक प्रतिक्रिया को देखते हुए बिलावल अपने भारत दौरे को लेकर काफी सतर्क थे।

इण्डियन एक्सप्रैस ने लिखा कि पाकिस्तान के किसी विदेश मंत्री की 11 वर्षों में हुई पहली यात्रा नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच कोई अर्थपूर्ण परिणाम ला सकती थी। राजौरी की घटना ने भारत-पाक संबंधों के संदर्भ में किसी सकारात्मक घटनाक्रम को धूमिल कर दिया। यह घटना दोनों नेताओं के बीच होने वाली किसी वार्ता की राह में रोड़ा बन गई।

टाइम्स ऑफ इण्डिया ने लिखा कि भारतीय विदेश मंत्री के कड़े रूख के बावजूद पाकिस्तान के बिज़नैसमैन दोनों देशों के बीच पुनः व्यापार शुरू होने को लेकर आशान्वित हैं।

नैशनल यूनिवर्सिटी सिंगापुर के इन्स्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज़ में रिसर्च फैलो अमित रंजन मानते हैं कि बिलावल और जयशंकर के बीच किसी सीधी भेंट के लिए यह समय अनुकूल नहीं था। रंजन ने डी.डब्ल्यू. को बताया कि ''मीटिंग के लिए किसी सकारात्मक वातावरण का अभाव था। जब तक कोई राजनैतिक माहौल निर्मित ना किया जाए, भारत और पाकिस्तान की वार्ताओं में संलग्न देखना कठिन है। फिलहाल यह एक गंवाया हुआ अवसर है।

पाकिस्तान के एक पूर्व भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया कुछ ऐसा ही विचार साझा करते हैं। उनका कहना है कि ''द्विपक्षीय मोर्चे पर कोई पहल शुरू करने में जो कूटनीतिक रिक्तता रही है, उसके मद्देनज़र बिलावल एक नाउम्मीद के साथ भारत आए थे। पाकिस्तान की घरेलू राजनीति उन्हें दृढ़ता से आगे बढ़ने की अनुमति नहीं देगी।''

बिलारिया आगे कहते हैं कि ''इसके बावजूद यह महत्वपूर्ण है कि उन्होंने भारत में आयोजित कॉन्फ्रैंस में हिस्सा लिया।

कॉन्फ्रैंस के दौरान भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच यदि किसी तरह की शिष्टाचार भेंट भी हो जाती तो चुनावों के बाद दोनों देशों के बीच भविष्य की वार्ताओं के लिए एक आधार तैयार हो जाता।''

तथापि, विदेश नीति के विशेषज्ञ कहते हैं कि बिलावल अपने भारत दौरे से और भी कुछ हासिल कर सकते थे। उनका दौरा पूर्णतया अप्रासंगिक नहीं था।

नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में विदेश नीति के विशेषज्ञ अमिताभ मट्टू ने कहा कि ''बिलावल की भारत यात्रा का अवसर और भारत द्वारा इस मौके पर उनके साथ आए पाकिस्तान के पत्रकारों का वीसा जारी किए जाने ने एक उम्मीद जगाई है।''

पाकिस्तान में भारत के दूत रह चुके टी.सी.ए. राघवन ने इन्हीं विचारों का समर्थन करते हुए कहा कि बिलावल के दौरे से किसी तरह की द्विपक्षीय कामयाबी मिलने की उम्मीद नहीं है तथा भारत और पाकिस्तान, दोनों ही इसे केवल एस.सी.ओ. के संदर्भ में देख रहे हैं।

राघवन ने कहा कि ''यदि इसमें भी कोई सकारात्मक का पुट तलाश रहा है तो इतना ही कहा जा सकता है कि पाकिस्तान इस मीटिंग में यदि भाग नहीं लेता तो ज्यादा अच्छा होता, भारत को लेकर कोई सकारात्मक बात करने के लिए वर्तमान में पाकिस्तान के हालात सही नहीं है।

# किंग चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी के दौरान ब्रिटेन में 64 लोग गिरफ्तार

## समारोह के दौरान बड़े पैमाने पर लोगों ने राजशाही का विरोध किया

लंदन, 8 मई (वार्ता/ स्पूतनिक)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में छह मई को चार्ल्स (तृतीय) के ताजपोशी के दौरान राजशाही विरोधी कम से कम 64 लोगों को गिरफ्तार किया गया। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि समारोह के दौरान 50 से ज्यादा राजशाही विरोधी लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस के बयान में कहा गया है कि मध्य लंदन में समारोह के लिए पुलिस अभियान के हिस्से के रूप में छह मई शनिवार को शांति भंग करने और सार्वजनिक उपद्रव करने की साजिश सहित विभिन्न अपराधों में 64 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में से चार पर अपराधों के लिए अदालती सुनवाई की तारीखें पहले से ही निर्धारित हैं। कई लोगों की बिना किसी कार्रवाई के जमानत मंजूर कर ली गई या रिहा कर दिया गया।

- **यह ताजपोशी, राजशाही के विरोध और ब्रिटेन में आर्थिक संकट के बीच हुई।**

उल्लेखनीय है ब्रिटेन के सम्राट चार्ल्स (तृतीय) को शनिवार को वेस्टमिंस्टर एब्बे में एक औपचारिक ताजपोशी समारोह में आधिकारिक रूप से ताज पहनाया गया। ताजपोशी राजशाही विरोध और ब्रिटेन में रहने की लागत के संकट के बीच हुआ।

ताजपोशी का विरोध करने के लिए लंदन में लगभग 2,000 राजशाही विरोधी लोग एकत्र हुए।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


MARUTI SUZUKI ARENA
जल्दी करें
या
मौक़ा गँवाएँ*
सीमित अवधि ऑफ़र्स, सिर्फ़ आपके लिए।
WAGONR
ALTO K10
S-PRESSO
CELERIO
EECO
बड़ी बचत
WAGONR ₹61 000*
CELERIO ₹61 000*
ALTO K10 ₹67 000*
EECO ₹34 000*
S-PRESSO ₹61 000*
ऑफ़र सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO CELERIO EECO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk/corporate & DGS&D enquiries email at bharat.mittal@maruti.co.in
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: JAIPUR CITY: PREM MOTORS PVT. LTD: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 4072222, 2201365, 8698003009. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 2523400, 8302890000. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: TONK ROAD: 2793924/5/6/7, 4110100, 9772210902. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314 / 8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: CHOMU: (MORIJA ROAD): 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: 9772210451. AJMER: RELAN MOTORS: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. AURIC MOTORS: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: 8955664400. CHURU: AURIC MOTORS: 01562-250696, 8875010502. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: 0294-2415142, 7230046381. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117.
*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on WagonR (1.0L Petrol variant) Alto K10 MT (Petrol- LXI variant), S-Presso (Petrol- V & V+ variants), Celerio (Petrol- V, Z & Z+ variants except AGS) Swift (Petrol- V variants) and Eeco 5 & 7 Seaters (Petrol- all variants except Cargo, Flexi & Ambulance). *Terms & Conditions apply. Creative visualization. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for a limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. The black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. The above offers are valid till 31st May 2023 or till stocks last, whichever is earlier.